e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 245
शुक्रवार
06.09.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
प्रष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
prabhatmantra.com
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
ये दुनिया है यहाँ सबको सब कुछ नजर आता है, सिवाय अपनी गलतियों के!

ताजा खबरों के लिए देखें






## क्विक न्यूज

### अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में गोलीबारी में चार की मौत, नौ घायल

**अटलांटा :** अमेरिका में जॉर्जिया के अपालाची हाई स्कूल में बुधवार को 14 वर्षीय छात्र ने गोलीबारी कर चार लोगों की जान ले ली। इस गोलीबारी में नौ लोग घायल हो गए। घायलों में आठ छात्र और एक शिक्षक है । पुलिस जांच अधिकारी ने कहा है कि आरोपित संदिग्ध छात्र से गोलीबारी की ऑनलाइन धमकी के संबंध में स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने करीब एक साल पहले भी पूछताछ की थी। जॉर्जिया ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के निदेशक क्रिस होसी ने बताया कि मृतकों में 14 वर्षीय मेसन शेरमेरहॉर्न और क्रिश्चियन एंगुलो, 39 वर्षीय प्रशिक्षक रिचर्ड एस्पिनवाल और 53 वर्षीय क्रिस्टीना इरिमी शामिल हैं।

### केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई भ्रष्टाचार मामले में जमानत के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरफ से दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर सुनवाई की है। वहीं वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने केजरीवाल का पक्ष रखा।

### बस और ट्रक के बीच टक्कर में 4 लोगों की मौत, कई घायल

**नागपुर:** महाराष्ट्र में नागपुर के भिवापुर में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि करीब 20 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, निजी ट्रेवल बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिसमें कई लोग घायल हो गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### विस्फोटक के साथ एक लाख के इनामी सहित 2 नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा :** सुकमा जिले जिले के जगरगुण्डा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो नक्सलियों को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए एक आरपीसी सीएनएम कमाण्डर नक्सली पर पद के अनुरूप एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल, डीआरजी, 165, 231 वाहिनी सीआरपीएफ की भूमिका रही है।दोनों के खिलाफ थाना जगरगुण्डा में अपराध क्रमांक 21/2024 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत् प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्रवाई उपरांत आज गुरूवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### आकाशीय बिजली से बच्ची समेत दो मरे, नौ झुलसे

**सोनभद्र :** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को हुए बारिश में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकी नौ लोग गम्भीर रूप से झुलस गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोन थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चननी निवासी जवाहिर यादव (25) अपने खेत पर कार्य कर रहे थे तभी एकाएक आकाशीय बिजली के चपेट आ गए जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। रानीडीह ग्राम पंचायत में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से रमेश चेरो व पिंकू चेरों गम्भीर रुप से झुलसने से घायल हो गये। जुगैल थाना क्षेत्र के चतरवार गांव में घर के आंगन में खेल रही आरती (6) पुत्री लल्ला की आकाशीय बिजली से मौत हो गई। जबकी उसकी मां इशरी देवी गम्भीर रूप से झुलस गई।

### रांची का तापमान

अधिकतम 28°
न्युनतम 22°

### गुमला : आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# आदिवासी-मूलवासियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने गुमला और लोहरदगा जिले को 347 विकास योजनाओं का दिया तोहफा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुमला :** आने वाले पांच वर्षों में आपको इतना मजबूत बनाएंगे कि आपको किसी से मदद मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आप अपने बलबूते अपने विकास का रास्ता तय करेंगे और राज्य की तस्वीर एवं तकदीर बदलने में राज्य सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुमला जिले के सिसई प्रखंड अंतर्गत शिवनाथपुर पंचायत के पण्डरानी ग्राम में आयोजित चौथे चरण के आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षो में हर घर में हर वर्ष एक लाख रुपए पहुंचने का हमारा संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार का चौथा चरण चल रहा है । हर गांव-मोहल्ला-टोला में शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मेरा आपसे कहना है कि आपका अधिकार आपका दरवाजा खटखटा रहा है।

जिन अधिकारियों को आपने कभी देखा नहीं, वे आपके दरवाजे पर पहुंच रहे है।

### आपकी सोच और जरूरत के अनुरूप बन रही योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो भी योजनाएं बना रही है, वह आपकी सोच और जरूरत को ध्यान में रखकर है। हम अपनी इन योजनाओं के माध्यम से आपको आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि, जब आप सशक्त होंगे तो राज्य भी मजबूत बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जो भी आवेदन आते हैं, उनका भी ध्यान योजनाओं के निर्धारण में किया जाता है, क्योंकि इससे हमें अपनी जनता के वास्तविक हालात की जानकारी प्राप्त होती है।




### 18 वर्ष से अधिक की बहन- बेटियां भी दे सकती हैं अग्रिम आवेदन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना नारी सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक मजबूत कदम है । इस योजना को लेकर राज्य की बहन- बेटियों में अदभुत उत्साह देखने को मिल रहा है । अभी इस योजना का लाभ 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को मिल रहा है, लेकिन योजना के प्रति बहन- बेटियों का जबरदस्त उत्साह देखते हुए हमने 18 वर्ष से ही इस योजना का लाभ बहन- बेटियों को देने का निर्णय लिया है। इस सिलसिले में जल्द ही नीति बनाई जाएगी। लेकिन, मैं राज्य की बहन- बेटियों से कहना चाहता हूं कि वे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविरों में अग्रिम आवेदन दें ताकि उन्हें इस योजना का लाभ देने की प्रक्रिया भी आरंभ हो जाए।

**लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाना है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि वही सरकार सफल होती है, जो अपने राज्य के लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाती है। हमारी कोशिश हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशी लाना है। इसी संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि ये सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव और देहात से चल रही है। ग्रामीणों की समस्याओं से हम भली- भांति वाकिफ हैं। ऐसे में ग्रामीण व्यवस्था की मजबूती हमारी प्रतिबद्धता है।

**आदिवासियों की पहचान बनाए रखने के लिए कृत संकल्पित:** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान आदिवासियों से है। ऐसे में आदिवासी पहचान को बनाए रखना हमारा संकल्प है। इस कड़ी में आदिवासियों के लिए अलग सरना कोड का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है । आदिवासियों के उत्थान के लिए कई योजनाएं लेकर हम आए हैं। यहां के आदिवासी अपनी काबिलियत के बल पर अपने और राज्य का नाम रोशन करें, सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है।

### गुमला और लोहरदगा जिले को मिली कई सौगातें

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में गुमला एवं लोहरदगा जिले को कुल 1222 करोड़ 32 लाख 48 हजार रुपए की 347 योजनाओं का तोहफा एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। दिया। इसमें गुमला जिला अंतर्गत 636 करोड़ 74 लाख 57 हजार रूपए की 159 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है, जबकि लोहरदगा जिला अंतर्गत 367 करोड़ 86 लाख 28 हजार रूपए की 188 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर इन दोनों जिलों के 162769 लाभुकों के बीच लगभग 217 करोड़ 71 लाख 17 हजार रुपए की परिसंपत्तियां बांटी गई। इसमें गुमला जिला अंतर्गत 150678 लाभुकों के बीच लगभग 204 करोड़ 88 लाख 80 हजार रूपए एवं लोहरदगा जिला अंतर्गत 12091 लाभुकों के बीच 12 करोड़ 82 लाख रूपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता,सांसद सुखदेव भगत, विधायक भूषण तिर्की, विधायक जिगा सुसारन होरो, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा गुमला एवं लोहरदगा जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### सिंगापुर में पीएम ने बिजनेस लीडर्स समिट को किया संबोधित, कहा

## सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है भारत



**एजेंसी**

**सिंगापुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स समिट को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा,हम भारत में कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अगर दुनिया में कोई सबसे तेजी से बढ़ने वाला विमानन क्षेत्र है, तो वह भारत में है। एमआरओ होना हमारी प्राथमिकता है।व्यवसायों को हवाई अड्डों के विकास में निवेश करने के लिए भारत आना चाहिए। सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स समिट के दौरान पीएम मोदी ने कहा,हम पूर्वानुमानित और प्रगतिशील नीतियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत में राजनीतिक स्थिरता है। हम सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने कहा,भारत के पास टैलेंट है और उसका लाभ दुनिया को मिलेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिंगापुर दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर फील्ड में पार्टनरशिप को लेकर डील हुई। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों की मौजूदगी में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में समझौते पर हस्ताक्षर हुए। अब इस समझौते के बाद भारत में सिंगापुर की सेमीकंडक्टर कंपनियों की एंट्री का रास्ता आसान हो जाएगा।

**सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स समिट के दौरान पीएम मोदी ने कहा,हम पूर्वानुमानित और प्रगतिशील नीतियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। भारत में राजनीतिक स्थिरता है। हम सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।**

सिंगापुर सरकार की ओर से बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। दोनों देशों ने इस समझौते को इंडिया सिंगापुर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम पार्टनरशिप नाम दिया गया है।

## लातेहार में रिश्वत लेते सदर अस्पताल का फार्मासिस्ट गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार सदर अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट परमानंद कुमार को गुरुवार को पलामू निगरानी की टीम ने 10 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया.फार्मासिस्ट के द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के बदले पैसे की मांग की गई थी। लातेहार सदर प्रखंड का रहने वाला वादी पलामू निगरानी की टीम को आवेदन देकर यह आरोप लगाया था कि उसके परिजन के मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए सदर



अस्पताल में पैसे की मांग की जा रही है। उसने बताया कि फार्मासिस्ट के द्वारा कहा जा रहा है कि 10 हजार रुपए दिए जाने के बाद ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृत्यु प्रमाण पत्र मिलेगा। वादी के द्वारा किए गए शिकायत के बाद निगरानी की टीम ने पूरे मामले की छानबीन की तो पाया कि फार्मासिस्ट के द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है। इसके बाद वादी को पैसे देकर फार्मासिस्ट के पास भेजा गया। गुरुवार को वादी ने फार्मासिस्ट को फोन किया तो उसे सदर अस्पताल में ही बुलाया। जैसे ही आरोपित ने रिश्वत के पैसे लिए, वैसे ही घात लगाकर बैठी निगरानी की टीम ने उसे धर दबोचा। उसके बाद आरोपित को अपने साथ पलामू ले गई।

## घुसपैठ मामले में हाई कोर्ट ने डीसी की रिपोर्ट पर जताई हैरानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड हाई कोर्ट में संथाल परगना में घुसपैठ के मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने संथाल के छह जिलों के उपायुक्त की उस रिपोर्ट पर हैरानी जतायी, जिसमें उन्होंने संथाल में घुसपैठ की बात से इनकार किया है। कोर्ट ने सभी डीसी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक भी घुसपैठ पाया गया तो संबंधित जिले के डीसी पर अवमानना का केस चलेगा। बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में याचिकाकर्ता सैयद दानियाल दानिश ने जनहित याचिका दाखिल की है, जिस पर हाई कोर्ट सुनवाई कर रही है।सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने हाई कोर्ट से मौखिक कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठियों की वजह से संथाल परगना में ट्राइबल आबादी घटना गंभीर मामला है। केंद्र सरकार इस पर गहन अध्ययन कर रही है। केंद्र सरकार इस संवेदनशील विषय पर अपने सभी स्टेक होल्डर यथा




आईबी, बीएसएफ आदि से विचार-विमर्श कर एक कंप्रिहेंसिव जवाब दाखिल करेगी। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 सितंबर निर्धारित की है।सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया की ओर से खंडपीठ से आग्रह किया गया कि इस मामले में आईबी को प्रतिवादी से हटाया जाए। क्योंकि कई सीक्रेट चीज आईबी के पास होती है, जो सार्वजनिक नहीं की जा सकती है।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के 50 टीचरों को किया सम्मानित

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने चयनित पुरस्कार विजेताओं को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 प्रदान किए। राष्ट्रपति ने कर्नाटक के नरसिम्हा मूर्ति एचके, पश्चिम बंगाल के आशीष कुमार रॉय और उत्तर प्रदेश से रविकांत द्विवेदी समेत 50 लोगों को सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी



मुर्मू ने सम्मानित शिक्षकों को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार, सिल्वर मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। राष्ट्रपति द्रौपदी ने 50 शिक्षकों का पुरस्कार देकर सम्मानित किया हैं। बता दें कि हर साल, योग्य और इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र जमा करते हैं। यह पुरस्कार देश भर के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ पॉलिटेक्निक के सभी संकाय सदस्यों के लिए खुला है। उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार 2024 का उद्देश्य भारत के कुछ बेहतरीन संकाय सदस्यों के विशिष्ट योगदान को स्वीकार करना और छात्रों के जीवन में बदलाव लाने और समग्र शिक्षा प्रणाली को प्रभावित करने में उनके प्रयासों का सम्मान करना है।

## हरियाणा : भाजपा में इस्तीफों की झड़ी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट वितरण के साथ ही पार्टी में बगावत तेज हो गई है। इस कड़ी में भाजपा से सांसद नवीन जिंदल की मां और पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने भाजपा के टिकट न मिलने के बाद बगावती रुख अपना लिया है। सावित्री जिंदल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मैं तो चुनाव लड़ूंगी। इस बयान से राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। हरियाणा के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने भी भाजपा के खिलाफ बगावती सुर अपनाए हैं। इस कड़ी में रणजीत सिंह ने भाजपा को छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने का एलान किया है।




# एमएसए स्कूल पोखराहा में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस

## देश का निर्माता होते हैं शिक्षक : मो शफीक अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शिक्षक देश का निर्माता होते हैं। भारतरत्न डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक पद की गरिमा को बढ़ाया है। आज जरूरत है समाज व देश के लोगों को उनके विचार व आदर्श जीवन से सीख लेने की। उक्त बातें एम.एस.ए पब्लिक स्कूल के संस्थापक मों शफीक अंसारी ने अपने सम्बोधन में कहा। वें एम.एस.ए पब्लिक स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा आयोजित भव्य शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थें। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन शिक्षाविद् मों शफीक अंसारी, प्रिंसिपल निरंजन शुक्ला, उप-प्राचार्य अफजल शफीक ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का तस्वीर पर माल्यार्पण कर और कैक काटकर किए। इसके बाद विद्यार्थियों ने बारी बारी से गुरूजनों को अनेको उपहार से सम्मानित कर मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद बच्चों ने ÷गुरू में संसार समाया, गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, एकलव्य नाटक÷ जैसे एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों और शिक्षकों को सफल कार्यक्रम के लिए सराहना करते हुए प्रिंसिपल ने सभी स्टॉफ को अपने कर्तव्य और दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वाह करने हेतु प्रेरित किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी बच्चों के साथ साथ शिक्षक राहुल पाण्डेय, खुशबू शोनी, तबस्सुम आरा, खुशी शर्मा, स्वेता टोप्पो, सुप्रिया सिंह, घुंघरू सिंह, प्रवीण तिवारी, स्मृति स्नेहा, बि.एन पाण्डेय, सुहैल आलम सर का महत्वपूर्ण भूमिका रहा।




## लोहरसिमी आंगनबाड़ी सेविका के खिलाफ़ छात्रा ने उपायुक्त को आवेदन दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** पलामू जिले में झारखंड सरकार की महात्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ देने के एवज में छात्रा से रिश्वत उगाही करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा का आरोप है कि आंगनबाड़ी सेविका द्वारा फॉर्म जमा करने के एवज में छात्रा से रिश्वत मांगी गई,सरकार की योजना जनकल्याण के लिए होती है, लेकिन योजना का लाभ दिलाने के एवज में कई बार सिस्टम में शामिल लोग खुद का कल्याण करने में जुट जाते हैं। जिससे सरकार की योजना का लाभ लोगों को मिलने में परेशानी होती है। ऐसा ही मामला देखने को मिल रहा चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सेमरा पंचायत के टोला लोहरसिमी निवासी सुहानी कुमारी ने गांव के ही आंगनबाड़ी सेविका किरण देवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपायुक्त व ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया। सुहानी कुमारी ने बताया कि लोहरसिमि आंगनबाड़ी सेविका किरण देवी ने सावित्री बाई फूले समृद्धि योजना का फॉर्म जमा करने में हम से प्रति फॉर्म पर तीन सौ रुपया व हमारी छोटी बहन अनुष्का कुमारी से मांग किया और पैसा नहीं देने पर हमारा फॉर्म जमा नहीं करने का धमकी देने लगीं जिसे देखते हुए हमने लिखित आवेदन वरीय अधिकारी को देने का निर्णय लिया।



## टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने अपनी मांगों को लेकर लगाया काला बिल्ला



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने झारखंड सरकार के वादा खिलाफी के विरोध में शिक्षक दिवस के दिन काला बिल्ला लगाया। इस संबंध में टेट सफल सहायक अध्यापक संघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि झारखंड सरकार अपने वादे के मुताबिक टेट सफल सहायक अध्यापकों को समायोजित करने की बात कही थी। 5 साल बीतने को है। अभी तक सरकार का एक कदम भी इस ओर आगे नहीं बढ़ा है। जिससे तमाम टेट पास शिक्षक आक्रोशित हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के विरोध में शिक्षक दिवस के दिन झारखंड सरकार के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया। श्री उपाध्याय ने कहा कि 7 सितंबर को शिक्षा मंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन एवं विरोध कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह सरकार शिक्षक विरोधी है। शिक्षक के हित में अभी तक एक कदम भी आगे नहीं बढ़ी है।

## आम लोगों की सेवा और सुरक्षा में चैनपुर पुलिस हमेशा तत्पर : थाना प्रभारी



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन शिकायत समाधान को लेकर चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को थाना का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। साथ ही साथ हर समस्या का समाधान होगा और त्वरित करवाई होगी। किसी भी मामले में चैनपुर पुलिस त्वरित करवाई करेगी। यदि आम व्यक्ति किसी के चक्कर मे फंसती है तो यह चैनपुर थाना की जिम्मेवारी नहीं होगी। लोग हमसे सीधे बात कर अपनी समस्या बताएं। किसी के चक्कर में न पड़ें वहीं कहा कि चैनपुर पुलिस 24 घंटे आपके सेवा में तत्पर है। इसलिए थाना में आकर अपनी समस्या बताएं। उसका निदान चैनपुर पुलिस द्वारा किया जायेगा। चैनपुर थाना आम व्यक्ति के सुख-दुःख में हमेशा साथ है।साथ ही साथ उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों और आम जनता के सहयोग से ही शांति व्यवस्था कायम होगी।उन्होंने ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों से चैनपुर पुलिस के साथ सहयोग करने की अपील किया और किसी भी असमाजिक तत्व के लोगों के विषय में सूचना मिले तब तुरंत पुलिस को जानकारी दे। पुलिस दोषी व्यक्ति पर कारवाई करेगी।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में किया गया मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वावधान में बुधवार की शाम चेचरिया स्थित अलका मैरिज गार्डन में हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया गया. तीज महोत्सव का शुभारंभ महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन गया. प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया. महिलाओं ने हथेलियों पर मेहंदी के एक से बढ़कर एक रचना से अपनी कला का प्रदर्शन कर लोगों का मन मोह लिया. महिलाओ ने प्रतिभागियों द्वारा बनाए गये मेहंदी के डिजाइनों की खूब प्रशंसा की. मेहंदी प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान शालू सोनी, द्वितीय स्थान अक्षरा, अंशिका तथा तृतीय स्थान किरण गुप्ता व अन्नू कुमारी ने प्राप्त किया. प्रतियोगिता के समापन के पश्चात थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू, चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर सहित चैंबर के पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी रेणुका किस्कू ने कहा की खास अवसरों पर हाथों में मेहंदी लगाना हमारी प्राचीन संस्कृति है.मेहंदी लगाना शुभ माना जाता है.मांगलिक अवसरों पर भी मेहंदी लगाने की परंपरा है क्योंकि यह सौभाग्य की प्रतीक मानी जाती है. तीज-त्यौहारों पर महिलाएं मेहंदी लगाकर प्रसन्नता का इजहार करती हैं.उन्होंने चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाने की सराहना किया. उन्होंने कहा कि इससे आपस में एकता का संचार होता है. हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है. उन्होंने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता से छात्राओं की क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है।

## टीचर्स डे पर शैक्षणिक संस्थानों में याद किए गए सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 5 सितंबर को देश भर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह दिन अपने शिक्षकों के समर्पण, मार्गदर्शन व योगदान के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है। शिक्षक दिवस के मौके पर छतरपुर के कई शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामगढ़ के ओमेगा कोचिंग सेंटर और अरुण आवसीय विद्यालय के द्वारा टीचर्स डे के मौके पर छात्र सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और केक काटकर राधाकृष्णन को याद किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर अपने संबोधन करते हुए अरविंद ने कहा कि आज शिक्षकों के प्रति आभार और श्रद्धा व्यक्त करने के दिन है। गुरु के प्रति श्रद्धा और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने से इंसान कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकता है। वही ओमेगा कोचिंग सेंटर के संचालक अवधेश कुमार ने बच्चों को टीचर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कड़े परिश्रम करने की सलाह दिया इस मौके पर ओमेगा कोचिंग सेंटर के उपेंद्र गुप्ता, सिंटू विश्वकर्मा, कृष्णा सिंह सहित सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।



## सीसीएल कंप्यूटर सेंटर में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के चचेरिया स्थित सी.सी.एल. कंप्यूटर सेंटर में गुरुवार को शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने संस्थान को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया।सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने सी.सी.एल. कंप्यूटर सेंटर के डायरेक्टर आनंद प्रकाश को फूल का गुलदस्ता एवं उपहार भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात डायरेक्टर आनंद प्रकाश ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित व पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उन्होंने केक काटकर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक दिवस मनाया। मौके पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डायरेक्टर आनंद प्रकाश ने डॉ एस0 राधाकृष्णन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों एवं आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सी.सी.एल. कंप्यूटर सेंटर विगत 20 वर्षो से कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में सतत प्रत्यनशील है।

## लक्ष्मी शिशु वाटिका विद्यालय जपला में मनाया गया शिक्षक दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** गुरुवार को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल जपला के प्रांगण में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आराधना की गई। तथा उनके द्वारा बताएं मार्गो पर चलने के लिए संकल्प लिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक शशिकेश कश्यप ने कहा कि गुरु शब्द जो है वह अंधकार से प्रकाश की ओर लाने वाले होते हैं। गुरु गलत सही का पहचान कराते हैं। ऐसे सभी गुरुओं को मेरा सत सत प्रणाम है। साथ ही साथ सभी शिक्षकों एवं अभिभावक बच्चों को भी शिक्षक दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं। आप सभी अभिभावकों से निवेदन है, कि आप भी शिक्षकों के साथ जुड़कर बच्चे की समस्याओं का निराकरण करने के लिए शिक्षकों का सहयोग करें। जिससे हमारे बच्चे आगे बढ़ सके।

## हुसैनाबाद की छह सड़कों को मिली स्वीकृति, टेंडर की प्रक्रिया शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छह महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति मिल गई है। इस आशय की जानकारी देते हुए हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि उनकी अनुसंशा के आलोक में हुसैनाबाद व हैदरनगर प्रखंड में छह ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। अब इन सड़कों के निर्माण के लिए दो दिनों में निविदा निकलने की उम्मीद है। श्री सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने अपने अपने क्षेत्र की सड़कों पुल पुलिया की समस्या से उन्हें अवगत कराया था। उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर उन पुल पुलिया व सड़कों का निर्माण कराने की अनुसंशा की थी। उन्होंने कहा कि पुल पुलिया की निविदा निकाल दी गई है। जल्द ही सड़कों की निविदा भी निकल जायेगी। जिन ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है, उसमे हुसैनाबाद के हदना से सैदा बिगहा होते बैजली तक सड़क निर्माण, मिडिल स्कूल बड़ेपुर से पंचायत भवन होते पुराना बड़ेपुर तक पथ निर्माण, महुअरी पंचायत के मिराहियाडीह गांव से झरहा मुख्य पथ तक सड़क निर्माण, नारायणपुर नहर से शिवपुर तक पथ निर्माण, हैदरनगर के बरेवा मेन रोड से कुट्टी सरयू नदी तक सड़क निर्माण, हैदरनगर बभनडीह मेन रोड से लोहरपुरा रोड चहका भाया बरवाडीह तक सड़क निर्माण शामिल है। श्री सिंह ने बताया कि अब क्षेत्र की लग भाग सभी सड़कों को स्वीकृति दिलाने का काम उन्होंने किया है।



## शिक्षक दिवस पर प्रखंड के सभी टेट पास शिक्षक ने काला बिल्ला लगाकर किया कार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** प्रखंड के सभी टेट पास सहायक अध्यापकों ने काला बिल्ला लगाकर विद्यालयों में पठन-पाठन का कार्य किया। सभी शिक्षक सात सितंबर को शिक्षा मंत्री का आवास घेराव हेतु लोग रांची पहुचेंगे। सहायक शिक्षकों ने बताया कि सरकार हमारे साथ छल कर रही है। जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तब ये लड़ाई जारी रहेगी। प्रखण्ड अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने बताया कि चुनाव आते ही सभी मेनोफेस्टो ले कर आते हैं और सरकार बनाते ही हम लोगों पर लाठीचार्ज होता है। उन्होंने कहा कि हम जाये तो जाये भी कहा कोई सुनने वाला नहीं। सरकार की गलत नीतियाँ के कारण हम लोग न तो बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पा रहे न ही घर चला पा रहे है। मौके पर प्रवीण पांडेय, ऋषिकेश चौधरी, खुर्शीद आलम, संजय गुप्ता, उपेंद्र पाल सहित अन्य उपस्थित थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.**
**Short e-Procurement Tender Notice (3rd Call)**
**Tender Reference No. :- DMFT/MID/HAZARIBAG/F2-14/2024-25**
**Letter no - 979 Date:- 04.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Bridge and Guard Wall, PCC Road From Gurutand of Village Balsagra to Tariya Tola Block - Dari, District- Hazaribag |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs.- 57,15,154.23 |
| 3. | Time of Completion | 11 Months |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 11.09.2024 at 3:00 P.M (e-Procurement Portal- http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 21.09.2024 up to 5:00 P.M |
| 6. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 21.09.2024 up to 5:00 P.M |
| 7. | Date of opening of e-Tender | 23.09.2024 at 03:00 P.M |
| 8. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag |
| 9. | Contact no. of e-Procurement officer | 06546-270485 |
| 10. | E-mail of e- Procurement officer | eemidhbg-cemr-jhr@nic.in |

**Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.**
**2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division,**
**Hazaribag.**

PR 334737 Minor Irrigation(24-25)D


## शिक्षक दिवस पर शैक्षणिक संस्थानों में याद किए गए सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार :** सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती 5 सितंबर को देश भर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। यह दिन अपने शिक्षकों के समर्पण, मार्गदर्शन व योगदान के प्रति आभार प्रकट करने का दिन है।शिक्षक दिवस के मौके पर नौड़ीहा बाजार के कई शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। खैरादोहर के सन शाइन पब्लिक स्कूल और जिनिअस कोचिंग सेंटर व आवसीय विद्यालय के द्वारा टीचर्स डे के मौके पर छात्र सम्मान समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता ,जन् प्रतिनिधि, प्रधानाध्यापक के अलावा गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और केक काटकर राधाकृष्णन ज को याद किया और बच्चों को शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर अपने संबोधन करते हुए प्रचार्य अजित कुमार सिंह ने कहा कि आज शिक्षकों के प्रति आभार और श्रद्धा व्यक्त करने के दिन है। गुरु के प्रति श्रद्धा और अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहने से इंसान कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकता है. ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल के संचालक लव कुमार सिंह ने बच्चों को टीचर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कड़े परिश्रम करने की सलाह दिया और बताया कि सतत प्रयासों से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। गुलाबझरी हाई स्कूल प्रिंसिपल ओम प्रकाश लाल ने कहा कि आज का दिन प्रेरणा लेने का दिन है इस मौके पर गुरुदत शर्मा, नितीश कुमार, उपेंद्र कुमार पटेल, सिंटू विश्वकर्मा, जनेश्वर राम शिक्षक,अनिल कुमार समेत काफी संख्या शिक्षक मौजूद थे।




## एसवीएम के भैया बहन ने बोकारो व फुसरो में प्रांतीय संस्कृति महोत्सव में लहराया परचम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विद्या विकास समिति रांची झारखंड के तत्वाधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो और बोकारो में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय संस्कृति महोत्सव कार्यक्रम में स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर के भैया बहन ने परचम लहराया है। विद्यालय में कक्षा दसवीं की बहन शिखा रानी और भैया अंकित कुमार ने मूर्तिकला प्रतियोगिता में पुरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय समेत गढ़वा जिला का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता 31 अगस्त व 1 सितम्बर को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, फुसरो में आयोजित की गई थी। इसी को लेकर गुरुवार को वंदना सभा मे उन्हें विद्यालय द्वारा भैया बहन और उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र और उत्सर्ग पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बधाई देते हुए कहा कि भैया बहन अपने परिश्रम द्वारा राज्य में विद्यालय का नाम रौशन किया। ये सभी बधाई के पात्र है। कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास होता है। विद्या भारती हमेशा से इस प्रकार के प्रतियोगिता की आयोजन करता रहा है। उन्होंने भैया बहनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब ये क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए 22-23 अक्टूबर को सीतामढ़ी, बिहार जाएंगे।भैया-बहनों की सफलता पर विद्यालय के समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष धर्मचंद लाल अग्रवाल सचिव रविप्रकाश सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद सहित आचार्यों ने बधाई दी है। सभी के उज्वल भविष्य की कामना किया है।




**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय अधीक्षक,मंडल कारा,कोडरमा**
**गृह (कारा) विभाग**

**ई० निविदा सूचना**

| क01 | कारा का नाम | मंडल कारा, कोडरमा। |
|---|---|---|
| 2 | विषय | मंडल कारा, कोडरमा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार, खाद्यानों, हरी सब्जियों, आलू, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के कय/आपूर्ति के निमित्त ई0 निविदा का आमंत्रण (चतुर्थ त्रैमासिक ई0 निविदा दिनांक–01.10.2024 से 31.12.2024 तक) |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | रूपये 5,000.00 (पॉच हजार) मात्र |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | दिनांक–12.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5 | निविदा Online Upload करने की तिथि | दिनांक–12.09.2024 से 26.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6 | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि | दिनांक–27.09.2024 से 28.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7 | अग्रधन राशि (EMD) रूपये 2500/– से अधिक होने पर जमा करने की तिथि | 28.09.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8 | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक–30.09.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में। |

नोटः–
1.उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर केवल e-tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3.अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा कोडरमा के कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No.9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा कोडरमा

PR 334532 Home, Prison And Disaster Management(24-25).D

**संक्षिप्त खबरें**

## सतीश सिंह ने बाबूलाल मरांडी से की मुलाकात

**रांची।** कर्रा जरियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर भाजपा युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री सतीश सिंह की अगवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद ढुल्लू महतो से मुलाकात कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को अवगत कराया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा की हेमन्त सरकार के राज में आमजनों के बीच अशांती का माहौल है. खूंटी समेत प्रदेशभर में ग्रामीण परेशान है। ब्लॉक में सीओ और थाना का दबदबा है। हेमन्त सरकार के इशारे पर प्रमंडल और जिलों में जिस तरह प्रशासन की मनमानी चल रही है। जनता सबब सिखायेगी। मुलाकात करने के दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता कुलदीप मिश्रा, महावीर गोप, दीवाकर सिंह, मुकेश राम, केशवर साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## सांस के प्रयास से रांची की दो बहू प्रतिक्षित रेल परियोजनाओं की मिली स्वीकृति

**रांची** : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एक और प्रयास सफल रहा रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से रांची की दो बहु प्रतीक्षित रेल परियोजनाओं की मिली स्वीकृति लोधमा पिस्का लिंक लाइन जो 17.2 किलोमीटर का है । साथ ही इलू सिल्ली बाईपास लाइन भाया मुरी जंक्शन तक 5.9किलोमीटर तक इसका टेंडर हो चुका है जिसकी कुल लागत 3.40 करोड़ रूपया है जल्द ही इसका शिलान्यास कर जल्द ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। मंत्री श्री सेठ ने कहा इलू सिल्ली रेल लाइन बन जाने से यात्रियों को समय की बचत होगी मंत्री श्री सेठ ने इस कार्य के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया है।

# दस सितंबर से एक लाख अभ्यर्थियों की उत्पाद पुलिस बहाली की दौड़ होगी शुरु : आरके मल्लिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उत्पाद आरक्षी के रिक्ति को भरने के लिए 22.08.2024 से विभिन्न केन्द्रों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारम्भ हुई थी। यह प्रक्रिया 02.09.2024 तक चली इस दौरान 12 (बारह) अभ्यर्थियों की दुखद मृत्यु हुई जो काफी दुर्भाग्यपूर्ण एवं पीड़ादायक है। राज्य सरकार ने चल रही परीक्षा की समीक्षा हेतु तीन दिनों तक 03 सितम्बर, 2024 से 05 सितम्बर, 2024 तक बहाली की प्रक्रिया को स्थगित करने का आदेश दिया गया । 05.09.2024 को मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार हेमंत सोरेन के द्वारा इस प्रक्रिया की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त निम्न निर्णय लिए गए । उक्त जानकारी पत्रकारों एडीजी आरके मल्लिक ने दी, मौके पर डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम उपस्थित रहे। एडीजी आरके मल्लिक ने बताया कि दस सितंबर से छह केंद्रों में फिर से दौड़ शुरु होगी। एक केंद्र के रूप में, चयन पर्षद 01, राँची(स्मार्ट सीटी क्षेत्र, राँची), चयन पर्षद 02, राँची, (झारखण्ड जगुआर, राँची), चयन पर्षद 03. गिरिडीह (पुलिस केन्द्र, गिरिडीह), चयन पर्षद 04, हजारीबाग (जेएपीटीसी, पोस्ट में) चयन पर्षद ,जमशेदपुर (सीटीसी, मुसाबनी)चयन पर्षद , साहेबगंज (झासपु वन ) पर शेष अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारम्भ होगी। इन छः केन्द्रों पर जिन अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा बीते 03 सितम्बर, 2024 से होनी थी, अब उन अभ्यर्थियों को प्रतिदिन तीन-तीन हजार के दर से 10 से 11 सितम्बर, 2024 को होगी। उसी प्रकार इन छः केन्द्रों पर जो शारीरिक दक्षता परीक्षा 04 सितम्बर, 2024 को होनी थी वो अब तीन-तीन हजार की दर से 12 एवं 13 सितम्बर, 2024 को होगी।

पलामू में नहीं होगी दौड़ः आगे बताया गया कि चयन पर्षद 05. (चियांकी हवाई अड्डा), पलामू में कोई शारीरिक दक्षता परीक्षा नहीं होगी। वहाँ के शेष बचे अभ्यर्थियों जिनका परीक्षा 03 सितम्बर, 2024 से 09 सितम्बर, 2024 से होनी थी वे अब शेष छः चयन पर्षद में अलग-अलग स्थानों पर की



जाएगी। ये परीक्षा 19 एवं 20 सितम्बर, 2024 को सम्पन्न होगी। इन सभी अभ्यर्थियों के लिए नया एडमिट कार्ड झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा अतिशीघ्र निर्गत किया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह बात स्पष्ट हुई कि अभी तक जिन अभ्यर्थियों की मृत्यु हुई है, उनके मृत्यु का कारण स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है। अंत्य परीक्षण के बाद आगे की जाँच हो रही है। यह अनुमान लगाया गया कि जिनका भी तुरंत मृत्यु का प्रकरण हुआ है, उसका कारण सम्भवतः हृदय गति का रूकना हो सकता है। इसलिए यह निर्णय लिया गया कि सभी प्रतिभागी जो आने वाले दिनों में शारीरिक दक्षता परीक्षण में शामिल होने वाले है। 5, 13हजार अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था, 4 लाख लगभग अभियर्थियों ने दौड़ की प्रक्रिया पूरी कर ली है। 1लाख 87 , 704 अभ्यर्थियों की दौड़ पूरी हो चुकी है , जिसमें से 1 लाख 17031अभ्यर्थियों को सफलता मिली है 1 लाख 14000 अभ्यर्थियों की दौड़ प्रक्रिया बाकी है।

उन्हें निम्न परामर्श दिया जाता है : अगर उन्हें कोई लम्बी बीमारी हुई हो अथवा कभी सांस फूलने की बीमारी हुई हो तो वे निश्चित रूप से अपने चिकित्सक से परामर्श कर लें।

यदि उन्हें हृदय गति तेज होने की शिकायत रही हो अथवा दौड़ते समय कठिनाई होती है तो वे अपने चिकित्सक से परामर्श कर लें। सभी परीक्षण केन्द्रों पर प्राप्त मात्रा में आक्सीमीटर एवं रक्तचाप मापने का मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। जो भी अभ्यर्थियों को दौड़ के पहले कोई चिकित्सा की परेशानी हो तो वे अपना जाँच करा लें।वहीं दौड़ वाले सेंटर पर आर ओएस और फल की व्यवस्था की जायेगी।

## लालपुर थाना में 12 लाख के जेवरात की चोरी का मामला दर्ज

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र के लोअर वर्धमान कंपाउंड में रहने वाले डाक्टर सौरभ कुमार बेसरा ने थाना में मामला दर्ज कराया है। उसने लिखा है कि उसके फ्लैट में ताला तोड़ 12 लाख के जेवरात की चोरी हुई है। इस संबंध में लालपुर थाना में 4 सितंबर को ही प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वे सपरिवार एक सितंबर की सुबह 7.15 में मुंबई के लिए निकले थे। 4 सितंबर को जब वे वापस परिवार के साथ रांची अपने फ्लैट पहुंचे तो देखा कि दरवाजा का लॉक टूटा हुआ है। अंदर कमरे में गए तो देखा कि सारा सामान बिखरा हुआ है। कमरे के अंदर अलमीरा में रखे 12 लाख रुपए मूल्य के जेवरात गायब थे। इसके बाद उन्होंने लालपुर थाने की पुलिस को सूचना दी और मामला दर्ज कराया। पुलिस उनके कोयल इनक्लेव अपार्टमेंट में लगे सीसीटीवी को खंगाल रही है।

## परेश गट्टानी और टीम के मेंटोर्स के नेतृत्व में सदस्यों की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वर्तमान कार्यकारिणी समिति के 15 और कुल 45 सदस्यों के समर्थन से चैंबर के वर्तमान महासचिव परेश गट्टानी चैंबर चुनाव 2024-25 में अध्यक्षीय उम्मीदवार के रूप में मजबूत दावेदारी पेश करेंगे। चेंबर के अधिकांश पूर्व अध्यक्ष भी परेश गट्टानी को ही अध्यक्ष का उपयुक्त उम्मीदवार मान रहे हैं। चैंबर चुनाव की तैयारियों को लेकर आज परेश गट्टानी और टीम के मेंटोर्स के नेतृत्व में सदस्यों की एक बैठक भी हुई जिसमें चुनाव की रणनीतियों पर गहन चर्चा हुई। टीम के उम्मीदवारों द्वारा राज्य के विभिन्न प्रमंडलों (कोल्हान, कोयलांचल, साउथ/नॉर्थ छोटानागपुर, पलामू और संताल परनगा) के चैंबर ऑफ कॉमर्स और सदस्यों से भी समन्वय बनाया गया। सभी प्रमंडलों के व्यापारी और उद्यमी चैंबर के वर्तमान महासचिव परेश गट्टानी के समर्थन में ही हैं। चैंबर के महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि चैंबर चुनाव में अध्यक्षीय पद की यह दावेदारी सोच समझकर लिया गया निर्णय है, जो हमारे मौजूदा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के साथ-साथ, पूर्व अध्यक्षगण तथा मेरे सम्मानित सदस्यों के साथ काफी विचार-विमर्श के बाद लिया गया है। मुझे पूरा भरोसा है कि राज्य के व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स वर्ग का इस चुनाव में मुझे पूर्ण समर्थन प्राप्त होगा और हम सब मिलकर चेंबर को और अधिक मजबूती देंगे।

## रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आज़ाद बस्ती पत्थलकुदवा और रमजान कॉलोनी कांटाटोली, रांची में विद्यार्थियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष, रेड सी इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षक दिवस पर एक नई पहल करते हुए उन सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपने जीवन को छात्रों को प्रेरित करने और उन्हें मार्गदर्शन देने के लिए समर्पित किया है।इस पहल के तहत, संत पॉलस इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रो. जनाब मोहम्मद एहसान अली साहब को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मोहम्मद एहसान अली साहब ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा,जिंदगी में अगर माँ-बाप के



बाद कोई दूसरा शख्स है तो वह है शिक्षक। उनकी कद्र करनी चाहिए और उनके बताए मार्ग पर चलकर आप हर मंजिल पा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान, स्कूल के कुछ प्रतिभाशाली छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर बच्चों ने अपने शिक्षकों का फूल बरसाकर और फूल भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा, बच्चों ने कई मनोरंजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा प्रेप के छात्रों ने थैंक गिविंग डांस पेश किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों जिसमें तमन्ना, सना ,सादिया, अतिका,किरण, सुचिता, मनाउवर,खुशनुमा, नाज़, सदफ,चंदा,शजरा, नीलू, फरहत,कशिश,आदि की सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती सोनी, अतिक़ा समेत अन्य शिक्षिकाएं भी मौजूद रहीं जिन्हे सम्मानित बच्चो ने किया।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसबीएम और जेजेम कर्मी आंदोलन की मूड में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के एसबीएम और जेजेम कर्मी आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। पिछले 6 माह से संविदा विस्तार नहीं होने के कारण किसी को मानदेय नहीं दिया गया है जिससे उनका जीना मुहाल हो गया है। बारम्बार ज्ञापन के जरिये मांग रखने के बावजूद जब कोई समाधान होता नहीं दिखा तो एसबीएम जेजेएम कर्मचारी संघ ने हड़ताल पर जाने का निणर्य ले लिया है। सभी कमर्चारियों ने विभाग को मांग पत्र का ज्ञापन देकर घोषणा किया है कि दिनांक 4 से 9 सितम्बर तक सभी गाँधीवादी विचारधारा के साथ असहयोग आंदोलन कर अपना



विरोध जताएंगे और अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 10 सितम्बर से हड़ताल पर चले जाएंगे। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के द्वितीय संकल्प के अनुसार सभी का संविदा विस्तार 31 मार्च तक ही था उसके बाद कार्य तो लिया जा रहा है लेकिन न तो विस्तार किया जा रहा है और न ही मानदेय का भुगतान हो रहा है। ऐसे में सभी कर्मचारियों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी।

## जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुटीयातू नामकुम रांची का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण क्रम में उन्होंने पाया की यहाँ कुल- 27 छात्र/छात्राएं है। जहाँ सिर्फ एक शिक्षक हैं।छात्रों से घुलने मिलने एवं वार्तालाप के क्रम में मालूम हुआ कि छात्र/ छात्राऐं अपनी कक्षा के स्तर के सभी प्रश्नों का उत्तर आसानी से दे पा रहे थे। उत्तर देने के समय में वे निडर थे। उनमे किसी भी प्रकार की झिझक नहीं थी। यह गर्व की बात है। यह विद्यालय भी कई अन्य सरकारी विद्यालय की तरह अभाव से ग्रस्त है।विद्यालय की रसोइया अपने घर से खाना बनाकर लाती है और छात्रों को खिलाती है।

विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर है। इन सब के बावजूद विद्यालय एक आदर्श विद्यालय के रूप में कार्य कर रहा है। कक्षाएं और विद्यालय भवन की मरम्मत की आवश्यकता हैं, लेकिन विद्यालय साफ और व्यवस्थित है। जिला शिक्षा अधीक्षक रांची ने जानकारी दिया की यहाँ के शिक्षक उमेश कुमार ने अपने प्रयासों से ष्टस्क्र के माध्यम से विद्यालय में काफी कार्य करवाया है, जैसे कि विद्यालय परिसर में खेलकूद की सामग्रियों का प्रतिस्थापन, पानी की व्यवस्था, शौचालय का निर्माण आदि। जो बहुत गर्व की बात हैं। रांची जिले में हमारे पास ऐसे शिक्षक मौजूद हैं, जो दूसरे अन्य शिक्षकों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने विशेष रूप से कहा की मेरी पूरी कोशिश रहेगी विद्यालय को जो भी संसाधन उपलब्ध कराया जा सकता हैं, उसे कराया जायेगा। जानकारी हो की जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज द्वारा लगातार रांची जिला के विद्यालयों का निरीक्षण किया जा रहा हैं। जिस विद्यालय में किसी भी अनियमियता की शिकायत या अन्य शिकायत मिल रही हैं। उस पर लगातार विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर रहें हैं। शिकायत सही पाने पर कार्रवाई भी किया जा रहा हैं।

## रांची स्टेशन पर आरपीएफ ने 13 किलो गांजा ज़ब्त किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची मंडल में मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर आरपीएफ लगातार बेहतर कार्य तथा गांजे और शराब तस्करों के खिलाफ अभियान में लगातार लगी हुई है उसी क्रम में 03.09.2024 को ऑपरेशन नार्कोस के अंतर्गत आरपीएफ पोस्ट रांची के लगेज स्कैनर्स मशीन के पास ड्यूटी पर एलर्ट आरपीएफ महिला स्टाफ प्रतिमा कुमारी और आरती बारला ने एक व्यक्ती के पास संदिग्ध सामान



को नोटिस किया जिसकी सूचना पोस्ट प्रभारी डी शर्मा को दिया गयाद्य निरीक्षक शर्मा अपने साथ उपनिरीक्षक सूरज पांडे और सोहन लाल, वहां पहुंचकर व्यक्ती से पूछताछ की जिसपर उसने अपना नाम विकी कुमार उम्र 19 वर्ष, निवासी ऑनडा, थाना सार, जिला नालंदा, बिहार बताया तथा बताया कि उसके पास ट्रॉली बैग में गांजा रखा हुआ हैद्य मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त रांची अशोक कुमार सिंह को दी गई तथा उनके पहुचने पर उस ट्रॉली बैग की जांच की गई जिससे लगभग 13.5 किलो गांजे की बरामदगी क़ीमत अनुमानित 1,35,000 रूपयें आंकी गई जिसे उपनिरीक्षक सोहन लाल द्वारा ज़ब्त किया गयाद्य बाद मे गिरफतार व्यक्ती सहित गांजे को जीआरपी रांची को सौप दिया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता चंपई सोरेन, बेटा बाबूलाल और सलाहकार धर्मेंद्र के सुरक्षाकर्मियों हटाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद राज्य सरकार ने सुरक्षा हटा दी है। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपई सोरेन के जिलिंगगोड़ा स्थित घर के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों को जहां वापस बुला लिया गया है, तो वहीं चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन, प्रेस सलाहकार धर्मेंद्र गोस्वामी उर्फ चंचल को मिली सुरक्षा भी वापस ले ली गयी है। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का सुरक्षा घेरा बरकरार रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल के लिहाज जो सुरक्षाकर्मी दी जानी चाहिये, वो चंपाई सोरेन को मिलती रहेगी। दौरे के दौरान उनके साथ सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इससे पहले चंपाई सोरेन के परिवार के लोगों को राज्य सरकार ने सुरक्षा दी थी, वहीं घर पर भी पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था। वो सुरक्षा घेरा अब पूरी तरह से हटा दिया गया है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि जल्द ही सुरक्षाकर्मियों की पूर्व की भांती तैनाती हो सकती है। हालांकि इस मामले में कोई अधिकारिक बयान नहीं आया है।

## राजकुमार नागवंशी बने ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट के झारखंड प्रदेश प्रवक्ता

**रांची।** बहुबाजार निवासी राजकुमार नागवंशी को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनोरिटी फ्रंट का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया हैं। यह नियुक्ति फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिलिप ख्रीस्टी और उपाध्यक्ष अजित तिर्की के माध्यम से की गई हैं। झारखंड प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, महासचिव प्रवीण कच्छप, विधिक सलाहकार दीप्ति होरो, कोषाध्यक्ष अजय ओड़ेया, न्यूमैन पॉल, अरुण हांसदा सहित अन्य फ्रंट के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी हैं।

## सेल सैटेलाइट टाउनशिप में इस बार पूजा पंडाल होगा आकर्षक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल सैटेलाइट टाउनशिप, धुर्वा (सन्निकट डी. पी. एस. रांची) में इस वर्ष 33 वे दुर्गा पूजा एवं काली पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है द्व भारत सरकार की प्रतिष्ठित महारत्न इकाई सेल की रिहायशी टाउनशिप होने की वजह से यहाँ दुर्गा पूजा संभ्रांत, पारम्परिक एवं पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई जाती है । इस बार पूजा पंडाल को आकर्षक पौराणिक मंदिर का भव्यस्वरुप दियाजा रहा है द्व पूजा पंडाल की ऊंचाई पचास फीट एवं चौड़ाई पच्चपन फीट है द्व प्रवेश द्वार पर दोनों ओर नक्काशीदार खम्भों की श्रृंखलाओं के ऊपर चौकोर अट्टालिका एंबना करगोल गुम्बदों का आकर बनाया जा रहा है । मुख्य द्वार के सामने, छत और दोनों ओर अट्टालिकाओं के ऊपर सुन्दर आकृतियों की सजावट की जा रही है द्व गर्भगृह में माँ दुर्गा की पंद्रह फीट विशाल प्रतिमा के अनुरूप विभिन्न चित्रों एवं रंगो से साज-सज्जा का काम जोर शोर से चल रहा है द्व रांची के प्रसिद्द मूर्तिकार अजय कुमार पाल द्वारा विशिष्ट 3डी प्रिंटिंग विधि से माँ दुर्गा की मूर्ति बनाई जा रही है । दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान महाषष्ठी से लेकर दशमी तक विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यकम, बच्चो के नृत्य एवं चित्रकारी, महिलाओं की रंगोली, गरबा डांडिया, धुनुची नृत्य एवं ढाक प्रतियोगिता जैसे अन्य कार्यक्रमों का बड़े स्तर पे आयोजन किया जाता है द्व महानवमी की रात्रि में भजन, झांकी एवं नृत्य से सुसज्जित जागरण का भी आयोजन किया जाता है द्वयहाँ की दुर्गा पूजा में खाने पीने के लिए विशेष आकर्षण देखा गया है । भोजन स्टाल में पिज्जा-हट, जेनिस्टा-इन, वॉक एवं अन्य प्रसिद्ध रेस्टोरेंट की भागीदारी रहती है द्व स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आयोजकों द्वारा साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है द्व अष्टमी एवं नवमी को महाभोग वितरण के दौरान करीब 6 हजार लोगो को भोग उपलब्ध कराया जाता है। श्रद्धालुओं की भारी मांग को देखते हुए माँ दुर्गा की प्रतिमा रविवार (13/10/2024) तक दर्शन के लिए विराजमान रहेंगी।इस वर्ष की दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यछ अनिल कुमार मिस्त्री, महासचिव आनंद त्रिवेदी एवं सचिन कुमार तथा कोषाध्यछ मिथिलेश कुमार सिंह हैं। इन के अलावा कमेटी में संजय परीडा, संजीव कुमार, बिष्णु कुमार दास,सुशील कुमार,राम रंजन चौधरी, सिबाशीष मुखर्जी, अवधेश प्रसाद, सोमनाथ कुमार, बसंत साहू, बबलू घोष, राम किशन, अमित मिश्रा, अभिषेक कुमार,मिलिंद वर्मा, आलोक मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, मजूमदार जी,मनीष माधव,अजय प्रसाद, माणिक लोहार, योगेष पटेल, अनिकेत आनंदएवंसुरेश प्रसादकी भी विशेष भागीदारी है।

## अभ्यर्थियों की मौत के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेवार ठहराना गलत : प्रतुल

**प्रभात मंत्र मंवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा लगाए गए उस आरोप को निराधार बताया जिसमें उन्होंने कहा कि उत्पाद सिपाही के अभ्यर्थियों की मृत्यु के पीछे का सबसे बड़ा कारण कोरोना वैक्सीन है।

प्रतुल ने कहा शारीरिक परीक्षा के केंद्रों में पूरे तरीके से बदइंतजामी और मिस मैनेजमेंट रहा। 24 घंटे पहले तक अभ्यर्थियों को लाइन में लगा दिया गया। भूखे प्यासे अभ्यर्थियों को उमस भरी गर्मी में दौड़ा दिया गया।केंद्रों में इलाज की समुचित व्यवस्था नहीं थी। अस्पतालों में भी इलाज में लापरवाही हुई।जिसके कारण 15 होनहार अभ्यर्थियों ने अपना जीवन गवा दिया।

300 से ज्यादा अभ्यर्थी अभी भी अस्पतालों में जीवन मौत के बीच में संघर्ष कर रहे हैं ।प्रतुल ने कहा ये पंद्रहों मौतों के लिए हेमंत सरकार जिम्मेवार है। हेमंत सरकार सिर्फ आरोप से ध्यान बांटने के लिए इन मौतों के पीछे कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बता रही है।इसी कोविशील्ड वैक्सीन को



90 देशों में दिया गया। भारत में 180 करोड़ इस वैक्सीन के डोज लगाए गए। मार्च में ही वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि भारत जैसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में कोविशील्ड वैक्सीन ने कोरोना के रोकथाम में बड़ी भूमिका निभाई। इसी रिपोर्ट में इस बात का जिक्र है कि ब्लड क्लॉटिंग की समस्या की बातें भारत में सिर्फ 0.000003त्न रहा है।प्रतुल ने कहा कि ब्रिटिश कोर्ट में वैक्सीन बनाने वाली एस्ट्रेजनेका कंपनी ने भी बताया था की जो भी इस वैक्सीन के नगन्य संख्या में साइड इफेक्ट है, वह कोरोना वैक्सीन के पहले डोज के पहले महीने के भीतर दिखते हैं। यानी 2024 में कोरोना वैक्सीन के कारण किसी साइड इफेक्ट की कोई संभावना नहीं है।

## टेट सफल सहायक अध्यापक संघ सात को शिक्षा मंत्री के आवास का करेंगे घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ सात सितम्बर को शिक्षा मंत्री का आवास का घेराव करेंगे। संघ के प्रदेश संरक्षक प्रमोद कुमार ने गुरुवार को बताया कि पूरे राज्यभर में टेट सफल सहायक अध्यापक सम्प्रति पारा शिक्षको के जरिये सरकार के नाकारात्मक रैवये के विरोध में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया। इस सम्मान दिवस को आज हमलोगो ने सरकार के अपमान के रूप में मनाया। क्योंकि सरकार के पास सहायक आचार्य में सुधार के लिए बार बार टेट सफल सहायक अध्यापक अपनी समस्या को रखते हुए सुधार के लिए आग्रह किया। लेकिन सरकार इस पर संज्ञान नहीं ले रही है। जबकि पिछले माह पारा शिक्षकों के अन्य संगठन से अधिकारिक बैठक भी की गयी।

उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि जल्द सरकार अधिकारिक बैठक करते हुए हमारी समस्याओं का निदान करें। उन्होंने कहा कि अपनी दो मांगों



को लेकर टेट सफल सहायक अध्यापक संघ सात को को राज्य के तमाम टेट पास सहायक अध्यापक न्याय मार्च करते हुए रांची के धुर्वा स्थित शिक्षा मंत्री आवास पहुंचकर न्याय की गुहार लगाएगें ।

# पटमदा के ठनठनी घाटी में ईंट से लदा तेज रफ्तार 407 ट्रक पलटा, 2 की मौत, 2 घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** टाटा पटमदा मुख्य सड़क पर पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत ठनठनी घाटी में गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे हुई दुघर्टना में 2 की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि 2 अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में बामनी निवासी धरमू किस्कू ने बताया पश्चिम बंगाल के लिकी गांव स्थित डीलक्स भट्ठा से ईंट लादकर एक 407 ट्रक ( जे एच 05 बी ई 8048) जमशेदपुर की ओर जा रहा था। तेज रफ्तार ट्रक का तकनीकी खराबी के कारण चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया और टर्निंग प्वाइंट पर कई बार पलटी मारते हुए ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे ट्रक के डाला में बैठे दोनों मजदूर बाहर तरफ फेंका गए। वही अंदर बैठे चालक व एक मजदूर की अंदर में ही दब जाने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों में मानगो कुंवर बस्ती निवासी ट्रक चालक 55 वर्षीय रमेश चौधरी एवं न्यू उलीडीह निवासी 42 वर्षीय मजदूर कालीपद डोंडा है। जबकि घायलों में रविंद्र गुप्ता व महावीर मुंडा शामिल हैं। दोनों घायलों का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। दुर्घटना की सूचना पाकर पहुंचे पटमदा थाना प्रभारी करमपाल भगत, सीओ विजय कुमार महतो, भाजपा नेता विमल बैठा, मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामूमो नेता सुभाष कर्मकार,आसमान सिंह ने घटनास्थल पर तड़प रहे दोनों घायलों के बेहतर इलाज हेतु 108 एंबुलेंस से एमजीएम अस्पताल भेज दिया। जबकि थाना प्रभारी ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम हेतु एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

### सरायकेला में प्रथम बार आयोजित झामुमो की बैठक में शामिल हुए मंत्री रामदास सोरेन, बोले

# चम्पाई के जाने से कोल्हान के किसी भी सीट पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद गुरुवार को सरायकेला में प्रथम बार आयोजित झामुमो की बैठक में शामिल होने मंत्री रामदास सोरेन पहुंचे। इस क्रम में कांड्रा पहुंचने पर झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान कांड्रा चौक पर झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य कृष्णा बास्के के नेतृत्व में जुटे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंत्री रामदास सोरेन को माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।



इस मौके पर मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि इस बार भी पूरे प्रदेश से भाजपा का सूपड़ा साफ होने जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि सरायकेला विधानसभा सीट पर भी झामुमो प्रचंड बहुमत के साथ जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपा में जाने के बाद कोल्हान के किसी भी सीट पर कोई फर्क नहीं पड़ने जा रहा है। झामुमो पुनर्वापसी को तैयार है। इसी को लेकर सरायकेला में कोल्हान के झामुमो के सांसद, मंत्री और सभी विधायक पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य गणेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अमृत महतो, राम महतो समेत काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परमहंस स्वामी निगमानंद सरस्वती प्रवर्तित भक्त धर्म सम्मेलन का आयोजन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के तुता पथराखुन सारस्वत संघ द्वारा 108 परमहंस स्वामी निगमानंद सरस्वती के अनुयाइयों ने दो दिवसीय भक्त सम्मेलन तुता गांव में आयोजित किया। सम्मेलन में आसाम बंगिय सारस्वत मठ हाली शहर उत्तर 24 परगना के मठाधीश महंत डाक्टर ब्रजेशानंद सरस्वती महाराज उपस्थित हुए। ब्रजेशानंद सरस्वती महाराज के द्वारा सनातन धर्म और गुरु का महिमा पर विस्तार से व्याख्यान दिया गया। वहीं विधायक गुरुवार को नये भक्तों के बीच गुरु मंत्र दीक्षा संस्कार का आयोजन किया गया। मौके पर बासुदेव चटर्जी, अजीत महतो, पूर्ण शशि महतो,नीलकमल तिवारी,बासुमती महतो, मोहन महतो, निर्मल महतो ,नकुल चन्द्र महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जेपी स्कूल में रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सर्वे पल्ली डॉ राधाकृष्णन के जन्मदिन पर जे पी स्कूल जय प्रकाश नगर संकोसाई मानगो मे शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर मुख्य अतिथि संजय कुमार दुबे और सुधा झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को शुभारंभ की एवं चित्र पर पुष्प अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। अतिथियों के द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया, मुख्य अतिथि इंडिगो मोटर के संचालक संजय कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षक कुम्हार की तरह होते है जो बचे के अज्ञानता को ज्ञानी बनाते हैं और वे बच्चे देश को एक नई ऊँचाइयों पर ले जाते है। विशिष्ट अतिथि सुधा झा कहा कि बच्चे के कार्यक्रम को देख लगता है कि शिक्षकों ने संस्कार और देश प्रेम के लिए अभी से ही प्रेरित कर रहे हैं। अवसर पर विद्यालय के सचिव अर्जुन शर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुश्री सुशीला टोप्पो, तरण तिवारी, अपर्णा महांती, कंचन कुमारी ने अपनी बातों को रखे, संचालन प्रगति कुमारी ने की धन्यवाद का ज्ञापन सीमा कुमारी ने की।

## किड्स जॉन इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चक्रधरपुर के राजबाड़ी रोड जामा मस्जिद के समीप किड्स जॉन इंग्लिश स्कूल में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक असद अनीस द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने और सभी शिक्षकों के साथ मिलकर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर माल्यार्पण किया और एक केक काटकर इस महत्वपूर्ण दिन को मनाया। डॉ. राधाकृष्णन के योगदान और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के आधार स्तंभ होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षण संस्थानों में शिक्षक दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। शिक्षण संस्थाओं में डॉ राधा कृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर शिक्षक दिवस मनाया। बच्चों ने शिक्षक के सम्मान में कई रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया। अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय पिलीद, श्रद्धानंद प्लस टू उच्च विद्यालय टीकर, विक्रमादित्य प्लस टू उच्च विद्यालय लेपाटांड़ , माउंट एकेडमी मिलन चौक सहित तमाम सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में बच्चों ने अपने गुरु के रूप में शिक्षकों को अंगवस्त्र,फूल माला, गुलदस्ता व उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गुरू शिष्य परम्परा पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। मौके पर शिक्षक प्रशांत धाड़ा, बबीता हो, गुरू चरण सरदार, चंद्रकांत यादव, विनीता कुमारी, संस्कृति कुमारी, स्वेता खलको , रमाकांत महतो आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

## विस चुनाव की तैयारी को लेकर पटमदा मंडल में भाजपा की बैठक संपन्न




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर गुरुवार को भाजपा के पटमदा मंडल की बैठक गुरुवार को पटमदा डाक बंगला भवन परिसर में मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान जुगसलाई विस प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश ओबीसी मोर्चा के महामंत्री हलधर नारायण शाह शामिल हुए। मौके पर विधानसभा प्रभारी ने सभी बूथों को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्तओं को निर्देश दिया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप बेसरा, संदीप मिश्रा, विमल बैठा, मुचीराम बाउरी, मंटू चरण दत्त, मोहित मिश्रा, बाबलु दत्त, निरंजन रजक, इन्द्रनारायण महतो, सुभाष माहली, गोपाल सिंह, विमल मंडल व देवेंद्र कुंभकार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जकी अनवर, डॉ मंजर काजमी की सेवा से विश्व स्तर पर उर्दू विभाग की रही चर्चा : डॉ रेयाज

- करीम सिटी कॉलेज के उर्दू विभाग में विदाई समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर के उर्दू विभाग ने विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय का उर्दू विभाग एक प्रमुख विभाग रहा है और इस विभाग में जकी अनवर और डॉ मंजर काजमी जैसे कई उर्दू के बड़े-बड़े साहित्यकारों और शायरों ने अपनी सेवाएं दी हैं और बड़े-बड़े साहित्यकार यहां से पैदा भी हुए हैं। यही कारण है कि विश्व स्तर पर हमारे उर्दू विभाग की चर्चा रही है। प्राचार्य के अलावा विभाग के प्राध्यापक प्रो गौहर अजीज, डॉ शाहबाज अंसारी और डॉ अफसर काजमी (विभागाध्यक्ष) ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरान से हुई। मोहम्मद मिनहाज ने स्वागत भाषण दिया, आयशा फिरदौस ने अपनी गजलें सुनाई और सदफ अत्तारिया ने सभी विद्यार्थियों की तरफ से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। कार्यक्रम में इतिहास के प्राध्यापक डॉ मोहम्मद शाहनवाज तथा फिलॉसफी के डॉ मुजाहिदुल हक उपस्थित थे।

## सोना देवी विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में आज राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा मनाया गया। विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों / शिक्षकों को रोली ,चन्दन- चावल, कुमकुम से तिलक लगाकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें सप्रेम पुष्पगुच्छ एवं ससम्मान उपहार भेट किये। दीप प्रज्जलन एवं गणेशवंदना के बाद छात्र - छात्राओं ने नृत्य, संगीत, गायन, कविता पाठ, भाषण, पोस्टर प्रस्तुति आदि कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलपति डॉ. जे. पी मिश्रा , कुलसचिव प्रो.(डॉ.) गुलाब सिंह आजाद के साथ- साथ सभी विभागों/ स्कूलों के प्राचार्यगण, प्राध्यापकगण, संकाय सदस्य, अन्य कर्मचारी तथा बहुत बड़ी संख्या में छात्र - छात्राऐं उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम का बेहतर संचालन प्रथम वर्ष के छात्र शुभादीप कारजी द्वारा किया गया। भाषण देने वाले विधार्थियों में कौशलेन्द्र , कशिश लाला , मौसमी दास आदि थे। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी स्कूल की प्राध्यापिका प्रो पूजा तिवारी द्वारा भारतीय संस्कृति के संवाहक डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के योगदानों की विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अर्पणा सित द्वारा सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकगणों आदि का हृदय से आभार व्यक्त किया गया।

## प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा और पटमदा इंटर कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के प्लस टू आदिवासी उच्च विद्यालय, बांगुड़दा के प्रांगण में गुरुवार को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म जयंती पर शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाध्यापक सुजीत कुमार सेठ, सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने डॉ. राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं तत्पश्चात स्वागत गीत व भाषण से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और उपहार दे कर सम्मानित की और पैर छू कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को मनभावना बनाने के लिए अपना रूम सबसे प्यारा प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वर्ग 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने अपना-अपना क्लास रूम को बहुत सुंदर से सजाया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत दत्ता भी मौजूद थे। दूसरी ओर पटमदा इंटर कॉलेज, जाल्ला में भी प्रभारी प्राचार्य अरुण कुमार की अध्यक्षता में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया गया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर गुरुपद महतो, अमित महतो, सावित्री महतो, कवि गोराई व बाबूराम महतो आदि मौजूद थे।

## शिक्षक दिवस पर केक और चनाचूर खाने से आधा दर्जन बच्चे बीमार, पहुंचे अस्पताल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** कांड्रा के नरेंद्र नगर उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस कार्यक्रम के दौरान केक और चनाचूर खाने से करीब आधा दर्जन बच्चे बीमार पड़ गए। सभी बीमार बच्चों को इलाज के लिए जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीमार बच्चों में शेफाली बारी (14), प्रह्लाद कुमार (14), अनीशा (13), खुशी महतो (11), सुरभि कुमारी (12) और पूरबी कुमारी सिंह शामिल हैं। बताया जाता है कि स्कूल में शिक्षक दिवस के मौके पर बच्चों के बीच केक और चनाचूर वितरित किया गया था। उस केक और चनाचुर को खाने के बाद एक-एक कर बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बताया गया है कि खाने के बाद बच्चों को उलटी और दस्त की शिकायत होने लगी। स्कूल प्रबंधन द्वारा तत्काल बच्चों को इलाज के लिए समीप ही स्थित अस्पताल ले गया, लेकिन वहां स्थिति की गंभीरता के मद्देनजर सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। यह घटना कैसे घटी, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है। मामले की जांच की जा रही है कि आखिर कैसे बच्चे बीमार पड़े। जांच के लिए केक और चनाचूर का नमूना भी लिया गया है।

## डिमना पारडीह रोड में स्पंद मल्टीस्पेशियलीटी हॉस्पिटल का उद्घाटन कल करेंगे मंत्री बन्ना गुप्ता




प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** एनएच-33, डिमना पारडीह रोड (स्मार्ट बाजार) के सामने स्थित स्पंद मल्टीस्पेशियलीटी हॉस्पिटल का उद्घाटन झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता 07 सितम्बर को करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए स्पंद हॉस्पिटल के चेयरमैन सह न्यूरो सर्जरी के डॉ फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जीत 100 बेड का यह हॉस्पिटल जहाँ 4 ओटी, आईसीयू में 15 बेड की सुविधा के अतिरिक्त न्यूरो माईक्रो स्कोप की सुविधा भी उपलब्ध है। जिससे न्यूरो की जटिल से जटिल सर्जरी कर मरीजों की जान बचायी जा सकेगी। हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह एचओडी इंटरनल मेडिसिन एवं डायबेटिक केयर के विशेषज्ञ डॉ राम कुमार ने कहा कि यहां 13 बेड का अत्याधुनिक डायलेसिस मशीन के अलावा 32 स्लाईस सीटी स्कैन मशीन की भी सुविधा उपलब्ध है। साथ ही शीघ्र ही अत्याधुनिक पैथ लैब भी इन्स्टॉल हो जायेंगे। इस अस्पताल में न्यूरोलॉजी एवं न्यूरो सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्ट, नेफ्रोलॉजी, कार्डियोलॉजी, टायबेटोलॉजी, गैसट्रोइंट्रोलॉजी, गायनाकोलॉजी के अलावा सारे रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध होंगे।

## प्लस 2 उच्च विद्यालय गम्हरिया में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गम्हरिया :** राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय गम्हरिया में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने सम्बोधन में डीईओ जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि शिक्षकों की भाषा बच्चे ही समझते हैं।

## युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष के प्रयास से लगा 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीण खुश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के जोरडीहा पंचायत के ग्राम-जोरडीहा टोला-फूचुडूंगरी में पिछले सप्ताह भारी बारिश से जल गए 63 केवी का ट्रांसफार्मर का आज युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रेमेंद्र कुमार मिश्रा उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला महासचिव अनिल सोय, वीरेंद्र नायक, जिला सचिव सूरज सामड,विधानसभा अध्यक्ष उदय बाँकिरा,विधानसभा उपाध्यक्ष हेंब्रम,वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आई.आलम मौजूद थे। मौके पर मोहन महतो,दशरथ प्रमाणिक, सुनील कुमार महतो,सरतुक प्रमाणिक,जितेन महतो,श्याम महतो, कपिल महतो,प्रदीप महतो, विशकेशन महतो,भरत महतो,करमु महतो,करनो प्रमाणिक,राखो प्रमाणिक,नवीन प्रमाणिक ,परमेश्वर प्रमाणिक,रामलाल कुंटिया, राजू कुंटिया,सुखदेव कुंटिया,बहादुर मुखी, बबलू मुखी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## ज्योतिषाचार्य का झुकाव वस्तुशास्त्र की ओर तेजी हुआ : शास्त्री



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर शिक्षण संस्थान के वाइस चांसलर एस कुमार शास्त्री ने आज संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ज्योतिषाचार्य का झुकाव वास्तू शास्त्र की ओर काफी तेजी से हुआ है। उन्होंने बताया कि ज्योतिष शिक्षण संस्थान में ज्योतिष, हस्तरेखा और वास्तू शास्त्र के विषय में छात्रों को जो भी पढ़ाया जाता है वह सब विज्ञान पर आधारित सूत्रों को अनुसरण करते हुए पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। यहां की पढ़ाई भारत वर्ष में किसी भी संस्था या किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ाया जाता है, यह अपने आप में एक अनुठा उदाहरण है। झारखण्ड राज्य के एक मात्र ज्योतिष शिक्षण संस्थान सेंटर आफ एस्ट्रोलॉजिकल स्टडी एण्ड रिसर्च फार पब्लिक वेलफेयर जमशेदपुर की ओर से आज बिष्टुपुर होटल बुलेवर्ड में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस अनुष्ठान का आयोजन गया। संस्था के वार्षिक आम सभा बैठक में डॉ तपन राय सभा अध्यक्ष, डॉ राजेश भारती सचिव, डॉ नरेन्द्र कुमार झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।

## जमशेदपुर एफसी ने सर्बियाई सेंटर-बैक सिरकोविक को टिम में शामिल कर डिफेंस को किया मजबूत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने सर्बियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लेजर सिरकोविक को एक साल के अनुबंध पर साइन करके अपनी टीम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी को शामिल किया है. 32 वर्षीय सेंटर-बैक 6 फीट 4 इंच लंबे हैं और मेन ऑफ स्टील की डिफेंस में अपने साथ बहुत अनुभव और शारीरिक क्षमता लेकर आए हैं. सिरकोविक के शानदार रिज्यूमे में चेन्नईयिन एफसी को प्ले-ऑफ के लिए क्वालीफिकेशन दिलाने में अहम भूमिका शामिल है, उन्होंने कुल 19 मैच खेले हैं. उन्होंने 2014-17 में एफके पार्टिज़न बेलग्रेड के साथ सर्बियाई फर्स्ट डिवीजन और सर्बियाई कप भी दो बार जीता है, जिसमें 16-17 सीज़न में दो खिताब शामिल हैं. सिरकोविक ने कहा, मैं जमशेदपुर एफसी परिवार में शामिल होकर रोमांचित हूं। हेड कोच, खालिद जमील ने कहा, हम जमशेदपुर में लेज़र सिरकोविक का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं. सेंटर-बैक के रूप में उनका अनुभव और मिडफील्डर के रूप में खेलने की बहुमुखी प्रतिभा हमारी टीम के

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/HAZARIBAG/ 13 /2024-25 ]PR संख्या– 334611 (Building) 24-25*D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–03 , कार्य का नाम– Construction of Kitchen Cum Store in NPS Karmahi Block-Keredari, District- Hazaribag] को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 334802 Building(24-25)#D

संपादकीय

## भारत विरोधी कश्मीर की बात

**जम्मू-कश्मीर** चुनाव के मद्देनजर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अपने घोषणा-पत्र जारी किए हैं, जो बुनियादी तौर पर भारत-विरोधी लगते हैं। 1950 के दशक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और शेख अब्दुल्ला की अपनी-अपनी लड़ाइयां और सियासत थी। शेख अब्दुल्ला कश्मीर को 'इस्लामी सूबा' बनाने पर आमादा थे। उन्हें प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल था। श्यामा प्रसाद ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था के लिए संघर्ष किया। उनकी रहस्यमयी मौत आज भी एक सवाल है। अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने से पहले जम्मू-कश्मीर का अपना 'झंडा' था, अपना 'संविधान' था। कश्मीर में सर्वोच्च अदालत के फैसले भी लागू नहीं होते थे। भारतीय दंड संहिता की धाराएं भी निष्प्रभावी थीं। विधानसभा का कार्यकाल 6 साल होता था। रक्षा, विदेश, वित्त आदि मंत्रालय भारत सरकार के अधीन थे, लेकिन उनके अलावा कश्मीर के कानून और व्यवस्थाएं भिन्न थीं। आर्थिक संसाधनों और बजट के लिए जम्मू-कश्मीर भारत सरकार के सहारे ही था। सवाल होते रहते थे कि एक ही राष्ट्र में कश्मीर को यह 'विशेष दर्जा' क्यों हासिल है? दो-दो व्यवस्थाएं कैसे काम कर सकती हैं? मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने अनुच्छेद 370, 35-ए की बहाली का आश्वासन दिया है। जम्मू-कश्मीर के 'अलग झंडे' की बात कही गई है। ऐसा है, तो आने वाली विधानसभा में 'अलग संविधान' का प्रस्ताव भी पारित किया जा सकता है। इसके लिए दलीलें दी जाती रही हैं कि विलय के समझौता-पत्र में उल्लेख था कि कश्मीर का अपना 'अलग झंडा' और 'अलग संविधान' होगा। ये दलीलें कुतर्क हैं, क्योंकि विलय-पत्र में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। सियासतदानों को जरा पढ़ लेना चाहिए। बहरहाल पत्थरबाजों की दोबारा सरकारी नौकरी में बहाली होगी और जेल से सियासी कैदियों की रिहाई की जाएगी। ऐसे कैदियों को माफ भी किया जा सकता है। पाकिस्तान से सटी 'नियंत्रण रेखा' पर कारोबार की नई शुरुआत के साथ-साथ पाकिस्तान के साथ बातचीत और जनसंपर्क भी शुरू किया जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी सोच के स्तर पर पाकपरस्त रही हैं, लेकिन सवाल है कि क्या एक विधानसभा ऐसे मुद्दों को पारित कर सकती है? विदेश और रक्षा नीतियां केंद्र सरकार तय करेगी अथवा संघशासित क्षेत्र की विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया जा सकता है? भारतीय संसद ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त किया था और सर्वोच्च अदालत ने भी उसे 'उचित, संवैधानिक निर्णय' माना था। तो विधानसभा चुनाव में पार्टियां इनकी बहाली और 'विशेष दर्जे' की वापसी का वायदा कैसे कर सकती हैं? यह सवाल नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से पूछा गया था। उनका जवाब था कि आने वाली सर्वोच्च अदालत में कश्मीर की बुनियादी सोच वाले न्यायाधीश भी आ सकते हैं! केंद्र में मौजूदा सरकार की विदाई हो सकती है तथा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बन सकती है! हमने जम्मू-कश्मीर के अवाम को आश्वस्त किया है कि तब तक हम इंतजार करेंगे, लेकिन लड़ाई लगातार लड़ते रहेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। एक घोषणा-पत्र में कहा गया है कि 'शंकराचार्य के पर्वत' का इस्लामी नाम 'तख्त-ए-सुलिमान' रखा जाएगा। क्या कश्मीर को एक बार फिर 'इस्लामिक' बनाने के मंसूबे हैं? नेशनल कॉन्फ्रेंस तो शेख अब्दुल्ला की ही विरासत है, लिहाजा उनकी सियासत भी वही होगी।

> श्यामा प्रसाद ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' की व्यवस्था के लिए संघर्ष किया। उनकी रहस्यमयी मौत आज भी एक सवाल है। अनुच्छेद 370 खत्म किए जाने से पहले जम्मू-कश्मीर का अपना 'झंडा' था, अपना 'संविधान' था। कश्मीर में सर्वोच्च अदालत के फैसले भी लागू नहीं होते थे। भारतीय दंड संहिता की धाराएं भी निष्प्रभावी थीं। विधानसभा का कार्यकाल 6 साल होता था। रक्षा, विदेश, वित्त आदि मंत्रालय भारत सरकार के अधीन थे, लेकिन उनके अलावा कश्मीर के कानून और व्यवस्थाएं भिन्न थीं। आर्थिक संसाधनों और बजट के लिए जम्मू-कश्मीर भारत सरकार के सहारे ही था। सवाल होते रहते थे कि एक ही राष्ट्र में कश्मीर को यह 'विशेष दर्जा' क्यों हासिल है? दो-दो व्यवस्थाएं कैसे काम कर सकती हैं? मोदी सरकार ने ऐतिहासिक पहल की और 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने का बिल संसद से पारित करा दिया। अब 2024 में विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है, तो पुराने मुद्दों को नए संदर्भों में उठाया जा रहा है।

### हैवानियत को अंजाम तक पहुंचना चाहिए

## धीमा न्याय निर्भयाओं को कर रहा कमजोर

**प्रियंका सौरभ**

> राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है, जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है, तथा प्रभावशाली अपराधी अक्सर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है।

**कार्यस्थल** पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम (2013) जैसे प्रगतिशील कानूनों के अस्तित्व के बावजूद, निगरानी, जवाबदेही और संस्थागत समर्थन की कमी के कारण उनका कार्यान्वयन कमज़ोर बना हुआ है। राष्ट्रीय महिला आयोग के एक अध्ययन में पाया गया कि कई कार्यस्थलों में आंतरिक शिकायत समितियों का अभाव है, जो यौन उत्पीड़न अधिनियम को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। संस्थाओं के भीतर भ्रष्टाचार, हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय में बाधा उत्पन्न कर सकता है, तथा प्रभावशाली अपराधी अक्सर रिश्वत या राजनीतिक संबंधों के माध्यम से कानूनी परिणामों से बच निकलते हैं। कई कानून प्रवर्तन अधिकारियों और न्यायिक कर्मियों में लैंगिक मुद्दों पर पर्याप्त प्रशिक्षण और संवेदनशीलता का अभाव है, जिसके कारण पीड़ित को ही दोषी ठहराने की प्रवृत्ति पैदा होती है और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों का अनुचित तरीके से निपटारा होता है।

पुरुषों के वर्चस्व और महिलाओं पर नियंत्रण को प्राथमिकता देने वाले पितृसत्तात्मक मानदंड, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के जारी रहने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये मानदंड अक्सर अपमानजनक व्यवहार को उचित ठहराते हैं या कम करते हैं, परिवार के पुरुष सदस्यों पर आर्थिक निर्भरता अक्सर महिलाओं को हिंसा सहने के लिए मजबूर करती है, क्योंकि अपमानजनक स्थिति से बाहर निकलने पर वित्तीय अस्थिरता या अभाव हो सकता है।

विशेषकर यौन हिंसा के पीड़ितों को अक्सर सामाजिक कलंक और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है, जो उन्हें अपराधों की रिपोर्ट करने या न्याय मांगने से हतोत्साहित करता है। मीडिया में महिलाओं और हिंसा के बारे में प्रस्तुतीकरण अक्सर मामलों को सनसनीखेज बना देता है, कभी-कभी मुद्दे की गंभीरता को कमतर आंकता है या पीड़ितों के बारे में नकारात्मक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। विशेष रूप से यौन हिंसा की रिपोर्टिंग से होने वाले रुढ़िवादी सांस्कृतिक कलंक के कारण कम रिपोर्टिंग होती है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के प्रवर्तन में बाधा आती है। यौन हिंसा की अनुमानित घटनाओं और रिपोर्ट किए गए



मामलों के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाता है, जो रिपोर्टिंग में सांस्कृतिक बाधाओं को उजागर करता है। अपर्याप्त फंडिंग और स्टाफिंग सहित संस्थागत संसाधन की कमी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करने और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों का जवाब देने की क्षमता को सीमित करती है।

कई पुलिस स्टेशनों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों को संभालने के लिए समर्पित महिला अधिकारियों या विशेष प्रकोष्ठों की कमी है, जिसके कारण मामले को ठीक से नहीं निपटा जा पाता है। राजनीतिक प्रभाव और भ्रष्टाचार के कारण अक्सर कानूनों का चयनात्मक प्रवर्तन होता है, जहां शक्तिशाली व्यक्तियों से जुड़े मामलों को या तो दबा दिया जाता है या खराब तरीके से जांच की जाती है। महिलाओं में कानूनी जागरूकता की कमी, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, न्याय पाने की उनकी क्षमता को सीमित करती है और इसके परिणामस्वरूप उन्हें बचाने के लिए बनाए गए कानूनों का कम उपयोग होता है। कई महिलाएं महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के तहत अपने अधिकारों से अनजान हैं, जिसके कारण रिपोर्ट करने और कानूनी सहारा लेने की दर कम है।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण, संवेदनशीलता और संसाधन आवंटन के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजेंसियों की क्षमता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए: पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा आयोजित पुलिस अधिकारियों के लिए नियमित लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम, महिलाओं के खिलाफ हिंसा से संबंधित मामलों से निपटने में सुधार कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करने जैसी आर्थिक सशक्तिकरण पहल, महिलाओं की अपमानजनक रिश्तों पर निर्भरता को कम कर सकती है और उन्हें अपने अधिकारों का दावा करने में सक्षम बना सकती है। सरकार और नागरिक समाज संगठनों को महिलाओं के बीच कानूनी साक्षरता बढ़ाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, ताकि वे अपने अधिकारों और उनके लिए उपलब्ध कानूनी रास्तों के बारे में जागरूक हों। महिला अधिकार पहल जैसे गैर सरकारी संगठनों द्वारा आयोजित कानूनी जागरूकता शिविर महिलाओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 जैसे कानूनों के बारे में शिक्षित करने में मदद करते हैं।

सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम जो पितृसत्तात्मक मानदंडों को चुनौती देते हैं और लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं, एक सांस्कृतिक बदलाव ला सकते हैं जो महिलाओं के खिलाफ हिंसा को हतोत्साहित करता है। संस्थानों के अंतर्गत मजबूत निगरानी और जवाबदेही तंत्र स्थापित करने से यह सुनिश्चित हो सकता है कि कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और किसी भी चूक को तुरंत संबोधित किया जाए। कार्यस्थलों पर आंतरिक शिकायत समितियों की स्थापना, जैसा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 द्वारा अनिवार्य है, अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित ऑडिट के साथ, कानून की प्रभावशीलता में सुधार कर सकता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है जो संस्थागत और सामाजिक दोनों कारकों से निपटता है। कानून प्रवर्तन को मजबूत करना, महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और सांस्कृतिक परिवर्तन को बढ़ावा देना महिलाओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में आवश्यक कदम हैं। सरकार, नागरिक समाज और समुदायों के ठोस प्रयासों से, भारत एक ऐसे भविष्य की ओर बढ़ सकता है जहाँ महिलाएँ भय और हिंसा से मुक्त रहें, उनके अधिकार और सम्मान पूरी तरह सुरक्षित हों।

दृष्टि कोण

## वैदिक ज्ञान व संस्कृत भाषा की कालातीत यात्रा

**संस्कृत** जिसे 'देवताओं की भाषा' के रूप में जाना जाता है, संसार की सबसे प्राचीन भाषा है, जिसने भारतीय सभ्यता को आकार दिया है और आधुनिक समय में भी इसकी प्रासंगिकता जारी है। यह केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिकता का गहरा भंडार है। संस्कृत वह माध्यम है जिसके माध्यम से प्राचीन वैदिक ग्रंथों, उपनिषदों, पुराणों और विभिन्न अन्य शास्त्रों की रचना की गई, जिससे यह सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की आधारशिला बन गई। रक्षा बंधन से तीन दिन पहले शुरू होने वाला और तीन दिन बाद समाप्त होने वाला संस्कृत सप्ताह श्रावण की पूर्णिमा के दिन के साथ मेल खाता है, जो भारतीय पारंपरिक कैलेंडर में एक शुभ अवधि को चिह्नित करता है। यह उत्सव न केवल संस्कृत भाषा संवर्धन के लिए एक शुभ अवधि है, बल्कि प्राचीन वैदिक ज्ञान के समृद्ध भंडार में तल्लीन करने का एक अवसर भी है, जो संस्कृत सप्ताह प्रदान करता है। सप्ताह अकादमिक गतिविधियों, साहित्यिक कार्यक्रमों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और बहुत कुछ से भरा है, जिसका उद्देश्य इस प्राचीन भाषा को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है। संस्कृत को अक्सर मानव सभ्यता की सबसे पुरानी भाषा के रूप में वर्णित किया जाता है, जिसकी जड़ें हजारों साल पुरानी हैं। यह वह भाषा है जिसमें दुनिया के सबसे पुराने ज्ञात ग्रंथ ऋग्वेद की रचना की गई थी। संस्कृत सिर्फ एक भाषा से अधिक है, यह एक विशाल बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपरा का अवतार है, जिसने भारत और उसके बाहर जीवन के अनगिनत पहलुओं को प्रभावित किया है। संस्कृत भाषा को हिंदू धर्म में देवताओं की भाषा के रूप में सम्मानित किया जाता है, जिसका उपयोग अनुष्ठानों, प्रार्थनाओं और समारोहों में किया जाता है, जो व्यक्तियों को परमात्मा से जोड़ते हैं। संस्कृत की संरचना इतनी सटीक है और इसकी ध्वन्यात्मकता इतनी समृद्ध है कि इसे आध्यात्मिक प्रवचन के लिए सबसे उपयुक्त भाषा माना जाता है। वैदिक परंपरा, जो सनातन धर्म की नींव बनाती है, अपने पवित्र ज्ञान के प्रसारण के लिए संस्कृत पर बहुत अधिक निर्भर करती है। वैदिक परंपरा में, 16 संस्कार (पारित होने के संस्कार) हैं, जो महत्वपूर्ण अनुष्ठान हैं जो किसी व्यक्ति को जन्म से मृत्यु तक मार्गदर्शन करते हैं। इनमें से सबसे महत्वपूर्ण उपनयन संस्कार 10वां संस्कार है, जो एक बच्चे की औपचारिक शिक्षा की शुरुआत का प्रतीक है। यह अनुष्ठान आमतौर पर श्रावण पूर्णिमा पर किया जाता है। उसी दिन इस समारोह के दौरान, संस्कृत में गायत्री मंत्र के पाठ के साथ बच्चे को वैदिक शिक्षा में दीक्षित किया जाता है। यह दीक्षा ज्ञान और आध्यात्मिक शिक्षा की दुनिया में बच्चे के प्रवेश का प्रतीक है, जो व्यक्तियों के शैक्षिक और आध्यात्मिक जीवन में संस्कृत के महत्व को रेखांकित करती है। संस्कृत की प्रासंगिकता प्राचीन ग्रंथों और अनुष्ठानों तक ही सीमित नहीं है। यह आधुनिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है, विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन के साथ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय ज्ञान प्रणालियों को शामिल करने पर जोर देती है, जिनमें से संस्कृत एक अभिन्न अंग है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 संस्कृत को आधुनिक शिक्षा, समकालीन विद्वानों और प्राचीन भारतीय ज्ञान के विशाल भंडार के बीच एक सेतु के रूप में पहचानती है। भारत सरकार 1969 से संस्कृत दिवस मना रही है, और 2000 में, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल के दौरान, संस्कृत सप्ताह की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इस उत्सव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और अधिक महत्व मिला है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा में संस्कृत की भूमिका को और मजबूत किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान परंपरा को एक अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है, जिसमें प्राचीन ग्रंथों, शास्त्रों और दर्शनों के अध्ययन पर जोर दिया गया है, जो मुख्य रूप से संस्कृत में है। संस्कृत को आधुनिक तकनीक में अपनी क्षमता के लिए भी तेजी से पहचाना जाता है, विशेष रूप से कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में। भाषा का संरचित वाक्यविन्यास और व्याकरण इसे प्रोग्रामिंग भाषाओं के लिए एक उत्कृष्ट भाषा बनाता है और इसका उपयोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और अन्य अत्याधुनिक तकनीकों में खोजा जा रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका सहित दुनिया भर के देश, जहां नासा जैसे संस्थानों ने रुचि दिखाई है, विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों में संस्कृत की क्षमता का पता लगाने लगे हैं। संस्कृत सप्ताह भाषा को उसके सभी पहलुओं (साहित्यिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक) में मनाने का समय होता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## न्यु ऐंजल पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता





**रामगढ :** न्यु ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला के प्रांगण में गुरुवार 5 सितंबर को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इसमें शिक्षकों को छात्रों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के माध्यम से सम्मान दिया गया साथ ही बच्चों ने एक आदर्श स्लोगन का उपयोग किया जो इस प्रकार है ÷गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा÷ गुरु साक्षात परब्रम्ह, तस्मै श्री गुरुवे नमः÷ अर्थात गुरु ही ब्रम्हा है, गुरु ही विष्णु है, और गुरु ही भगवान शंकर है।सर्वप्रथम स्कूल प्रिंसिपल मिली शाह ने दीप जलाकर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और पुष्प अर्पित किया। कक्षा नर्सरी से सातवां कक्षा की छात्र एवं छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 4 एवं कक्षा 2 की छात्रों ने किया। स्कूल की प्रिंसिपल मिली शाह ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी तथा उनके लगन व परिश्रम से पठन - पाठन करने की सराहना की। विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।इस मौके पर स्कूल की शिक्षक तौकीर सर नसीम सर वीरेंद्र सर बिना मैडम शिवानी मैडम रंजीता मैडम मोनिका मैडम सोनी मैडम यास्मीन मैडम मीरा मैडम बीना मिस आफरीन मैडम गौसिया मैडम सना मैडम आसीया मैडम रजनी मैडम आदि उपस्थित थे।

## पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय, बरियातू में धूमधाम से मनाई गई शिक्षक दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरियातू में बहुत ही धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाई गई। इस अवसर पर बच्चो ने शिक्षकों को सम्मानित किया। साथ ही रंगारग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गोला थाना एएसआई एस.एस.सिद्धू उपस्थित हुए। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए यातायात से संबंधित और रक्षा सुरक्षा से संबंधित बातों को बताया तथा टोल फ्री नंबर को अवगत कराया। मौके पर प्रभारी प्रधान शिक्षक जितेंद्र कुमार महतो, मथुरा महतो, भागवत तिवारी, वरुण लाल, राधे श्याम साहू, दीप्ति रानी, टेरेसा पुस्तिका टॉपपो, सुधीर चौधरी, लाल मोहन वेदिया, उषा रंजन, मनोज कुमार, अजय कुमार मिश्र, आनंद कुमार मिश्र, सिलबिना लकड़ा, विनोद कुमार, नरेश भगत, राजेश कुमार सेनापति, आदित्य कुमार, सरस्वती नायक, रीता करमाली ,रीता वाला बालेश्वर प्रसाद सिन्हा, सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने सहिया दिदियों की वेतन बढ़ोतरी को लेकर स्वस्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** रामगढ़ विधानसभा सभा की पूर्व विधायक ममता देवी ने झारखंड सरकार के स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता से सहिया दीदियों की वेतन बढ़ोतरी, और रामगढ़ विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधा सहित कई अन्य विषयों को लेकर मुलाकात की और उन्हें अवगत कराई। विगत दिनों पूर्व रामगढ़ जिला की सहिया दीदियों ने रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी से उनके गोला कार्यालय में मुलाकात कर अपने वेतन बढ़ोतरी सहित कई मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपी थी और सरकार के समक्ष अपनी बात रखने की अनुरोध किया था जिसमें मुख्य रुप से पूरे मेहनत से कार्य करने के बदले उन्हें इस महगाई में सिर्फ 2000 हजार रूपये में काम के बदले मानदेय दिया जाता हैं जिससे सभी सहिया दीदियों को पूरा परिवार को संचालित करने में काफी दिक्कत होती है। पूर्व विधायक ममता देवी ने उस दिन सभी सहिया दीदियों को उनकी सभी मांगों को बहुत जल्द सरकार के समक्ष रखने का भरोसा दी थी। जिसके बाद ममता देवी बिना बिलंब किए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी से मुलाकात कर सभी मांगों से उन्हें अवगत करवाई जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सभी मांगों पर विचार करने का भरोसा दिया है। केशव महतो, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो आदि शामिल थे।

## धूमधाम से मनाया गया गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश उत्सव

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश उत्सव को लेकर विशेष दीवान से जाएगा इस विशेष दीवान में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु उपस्थित हुए। मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने सभी साध संगत को बधाई दी है। इस मौके पर जालंधर से आई बीबी जागीर कौर ने अपने मधुर गायन से सभी संगत को निहाल किया। ÷अमृतवाणी हर हर तेरी सुन सुन होवे परम गत मेरी जैसे शब्दों को गाकर संगत को निहाल किया। इसके पश्चात रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हेड ग्रंथी बाबा गुरजीत सिंह ने अरदास किया। रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के हजूरी रागी ने भी एक से बढ़कर एक सबद पढ़कर संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब के प्रधान परमदीप सिंह कालरा अमित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी हैप्पी छाबड़ा रघुवीर सिंह छाबड़ा जोगिंदर सिंह जग्गी रविंद्र सिंह छाबड़ा नरेंद्र सिंह चमन जगजीत सिंह एलआईसी वाले परमजीत सिंह आदि थे।

## सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के बरका सयाल क्षेत्र के भुरकुंडा एकेसी अस्पताल में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा सतकर्ता जागरूकता अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया,जिसका शुभारंभ बरका सयाल महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह ने फिता काटकर किया, इस शिविर में मुख्य रूप से सीसीएल हेडक्वार्टर रांची के सीएमएस रत्नेश जैन भी उपस्थित हुए।उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत डॉ अरुण टोप्पो एमओ, डॉ नदीम अनवर, डॉ अफताब मसरूर, डॉ रिया ने बूके देकर स्वागत किया। बता दें कि शिविर में कुल दो दर्जन लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया, जिसमें बरका सयाल क्षेत्र अंतर्गत उरीमारी परियोजना से ज्यादा संख्या में रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सीएमएस रत्नेश जैन एवं जीएम अजय सिंह, डॉ श्रीमोई मुखर्जी, डॉ मोहाना गांधी नगर रांची ने प्रमाण पत्र प्रदान व उपहार देकर प्रोत्साहित कर सम्मानित किया।

## डीएवी बरकाकाना में शिक्षक दिवस पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बरकाकाना में शिक्षक दिवस पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षकों की ओर से वीणा सिंह ने प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद का उनके मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के शिक्षक उदय नाथ मिश्रा ने शिक्षकों के सम्मान में स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष में केक काटा। शिक्षकों की ओर से विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान स्वरूप सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उपहार स्वरूप भेट प्रदान किया। विद्यालय की ओर से प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने शिक्षकों एवं शिक्षकोत्तर कर्मचारियों को उपहार प्रदान किये। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में संस्कृति एवं मानवीय मूल्यों से जुड़ी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।बच्चों ने गायत्री मंत्र का पाठ एवं डीएवी गान प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलित करके ज्ञान के संदेश फैलाने का काम किया। विद्यालय के बच्चियों ने मनमोहक गीत प्रस्तुत किया। बच्चियों के द्वारा गुरु वंदना गुरु ब्रह्मा ,गुरु विष्णु ,गुरु देवो महेश्वरः ,के बोल पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। मानसी कुशवाहा ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालने का काम किया। वर्ग एकादश के विद्यार्थियों के द्वारा विद्यालय के जीवन से संबंधित घटनाक्रम एवं उनके पश्चाताप से संबंधित एक मनमोहक एकांकी प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने शिक्षक डूबते हुए तिनके का सहारा हैं, इस विचार पर एक मनमोहक नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया।बच्चों में शिक्षकों के लिए कई प्रतियोगिता करवाई जिसमें भोला सर एवं विनोद सर विजयी रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजिद ने कहा कि मैं जानता हूं कि शिक्षकों का कार्य चुनौती पूर्ण होता है, विषम परिस्थितियों में भी शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करते हैं, इसलिए उनका सम्मान पहले भी था अब भी है और भविष्य में भी रहेगा। बच्चों ने जिस प्रकार अनुशासन के साथ शिक्षक दिवस के अवसर पर हृदय स्पर्शी कार्यक्रम प्रस्तुत किया। यह उनके सुव्यवस्थित सोच एवं कार्य करने की पद्धति का सूचक है। हमें पूरा विश्वास है यह बच्चे भविष्य में भी इसी तरह अनुशासन का परिचय देते हुए डीएवी का परचम लहराएंगे।

# बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में जुटे टीपीसी के चार उग्रवादीयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** पुलिस अधीक्षक चतरा को झारखण्ड एटीएस एवं अन्य सुत्रो से ये सूचना प्राप्त हुई थी कि, टीपीसी उग्रवादी संगठन के जोनल कमांडर अभिषेक जी एवं सब जोनल कमांडर ऋषिकेश जी अपने दस्ते के आठ से दस सदस्यों के साथ टण्डवा-पिपरवार क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में जुटा हुआ है। जिसको लेकर पिपरवार थाना अंतर्गत ग्राम बन्हें के जंगली क्षेत्रो में बैठक करने वाले है। इस घटना को रोकने व आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक चतरा विकास पांडे के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी टण्डवा प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में तकनिकी शाखा, झारखण्ड एटीएस के साथ टण्डवा-पिपपरवार पुलिस की संयुक्त छापामारी टीम की गठन कि गई। उसके बाद छापामारी टीम बन्हे जंगल पहुंची जहां बैठक कर रहे टीपीसी उग्रवादीयों की टीम के स्थान को चिन्हित कर घेराबंदी करते हुए सघन सर्च अभियान चलाया गया। छापामारी दल को नजदीक आता देखकर बैठक में शामिल टीपीसी उग्रवादी इधर-उधर भागने लगे। तभी संयुक्त छापामारी दल के द्वारा खदेड कर चार व्यक्तियों को पकड़ा गया, एवं टीपीसी संगठन के अन्य सदस्य जंगल एवं अंधेरे का लाभ लेकर भागने में सफल रहे। पकडे गये उग्रवादीयों के पास से पुलिस को पिस्टल, गोली,धमकी में प्रयुक्त मोबाईल, तकनिकी उपक्रम, डायरी एवं नक्सली पर्चा बरामद हुआ। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में बताया गया कि विगत कई माह से अभिषेक जी एवं ऋषिकेश जी के नाम से टीपीसी संगठन के सदस्यो द्वारा चतरा जिला के टण्डवा-पिपरवार क्षेत्र के अलावा हजारीबाग जिला के केरेडारी एवं बडकागाँव, लातेहार जिला के बालूमाथ, चंदवा एवं बारियातु, तथा रांची जिला के खलारी एवं बुडमू इत्यादि थाना क्षेत्रों में प्रभावी रूप से सक्रीय रहते हुए ठेकेदारी, ट्रांसपोर्ट एवं कोल व्यवसायियों को फोन से डरा धमका कर लेवी के रूप में मोटी रकम की वसुली करते थे। जिससे कोल व्यवसायियों व ठेकेदारो के दिलों में इन लोगो का आंतक एवं दहशत बना हुआ था। गिरफ्तार किए गए उग्रवादियों में अमन लकडा उर्फ बौना उम्र 18 वर्ष पिता ऐतवा उराँव, ग्राम बोटका थाना केरेडारी जिला हजारीबाग, सुमित टाना भगत उम्र 20 वर्ष पिता राजकुमार टाना भगत, ग्राम कल्याणपुर थाना पिपरवार जिला चतरा, शंकर उराँव उम्र 24 वर्ष पिता ऐतवा उराँव ग्राम छोटकी गोरांग गेतलसुद थाना अनगडा जिला राँची एवम् आर्यन कुमार भोगता उम्र 22 वर्ष पिता स्व0 जेठु भोगता ग्राम हेठ नगडू, थाना सिकिदिरी जिला राँची के रहने वाले हैं। इस छापामारी अभियान दल में मुख्य रूप से, प्रभात रंजन बरवार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी टंडवा, लव कुमार पुश्न निश्न झारखण्ड एटीएस, अनिल उराँव पु0नि0 सह थाना प्रभारी टण्डवा, प्रशांत कुमार मिश्रा थाना प्रभारी पिपरवार, अभिमन्यु कुमार पु0अ0नि0 पिपरवार, सुनिल कुमार सिंह पु0अ0नि0 टण्डवा सहित सशस्त्र बल के जवान सामिल थे।

## दो फरार चल रहे अभियुक्तों के यहां सिमरिया पुलिस ने ढोल बजा चिपकाया इस्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया पुलिस ने बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के लोहसिंघना निवासी मो सलमान पिता मो नासिर कांड संख्या 81/24 धारा 376, 506, 34 के तहत मामला दर्ज है। वहीं सिमरिया निवासी नाजिर आलम उर्फ छोटू, पिता मीनार खान सिमरिया कांड संख्या 63/24 धारा 376/420/120 (B) के अभियुक्त हैं। दोनों के विरुद्ध न्यालय द्वारा वारंट जारी किया गया है जिसे लेकर सिमरिया पुलिस ने दोनों के घर पहुंच कर ढोल बजा इस्तिहार चिपका दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया की दोनो बहुत दिनों से फरार चल रहे है दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध वारंट न्यालय चतरा द्वारा जारी किया गया है। यदि दोनो अभियुक्त 30 दिनों के अंदर आत्म समर्पण नहीं करता है तो न्यालय के आदेशानुसार अभियुक्तों के घर कुर्की जब्ती किया जाएगा।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर मनाया शिक्षक दिवस



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत टेट पास सफल सहायक अध्यापकों ने विधालय में शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर 5 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर दिवस को मनाया है। बताते चलें कि सभी सहायक संघ के शिक्षकों का कहना है। कि सरकार के रवैया से क्षुब्ध होकर यह कदम उठाना पड़ा है। ताकि अब भी सहायक शिक्षकों की पुकार सरकार सुन सके। यह कार्य सहायक शिक्षक प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार यादव के नेतृत्व में किया गया है। मौके पर उपस्थित पंकज राणा कामदेव राणा एल बसंत, गंगाधर राणा, रजनीकांत चौबे, उमेश साव, ओमप्रकाश गुप्ता, उमेश दांगी सहित अन्य सहायक शिक्षक हैं।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पहरा पंचायत भवन में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, बीडीओ, राहुल देव, मुखिया बेबी देवी समेत अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार शिविर में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, श्रम नियोजन, शिक्षा, जेएसएलपीएस, आंगनवाड़ी, सर्वजन पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, समेत कई स्टॉल लगाए गए। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न स्टॉलो का घूम-घूम कर जायजा लिया। वही स्टॉल में प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही शिविर में कई परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार के महत्व कांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई मौके पर समाजसेवी मुकेश कुमार साव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## धूमधाम से मना शिक्षक दिवस



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया।उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में कार्यक्रम आयोजित डा सर्वपल्ली राधा कृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। कार्यक्रम में स्वनिर्मित शिक्षक रामलखान सिंह व राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक देवचरन दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय छात्र छात्राओं ने शिक्षक दिवस के मौके पर भाषण, संगीत प्रस्तुत किया। मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दांगी,पंकज कुमार राणा, विवेकांनंद तिवारी, तपेश्वर यादव समेत अन्य मौजूद थे।

**गिद्धौर पुलिस की बर्बरता, युवक को किया गया पिटाई, घायल, इलाज जारी**

## ना एफआईआर, ना नोटिस, ना वारंट, सीधा घर से उठा कर की गई पिटाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के गिद्धौर थाना पुलिस की बर्बरता इतनी की पुलिस की पिटाई से युवक घायल हो गया जिसे हजारी बाग सदर हॉस्पिटल में इलाज जारी है। ना नोटिस ना वारंट, ना एफ आईआर सीधा घर में घुस कर युवक को पिटाई करते हुए ले गए थाना और थाने में भी जम कर किया गया पिटाई। भूक्तभोगी गिद्धौर थाना क्षेत्र के सलीम पुर किरकिरा का रहने वाला है। **क्या था मामला :** किरकिरा निवासी मो मुजाहिद ने गिद्धौर निवासी बेचन दांगी से बतौर ब्याज पर 40 हजार रुपया लिया था। जबकि ब्याज का रकम चुका भी रहा था। इसी बीच मुजाहिद के पत्नी की तबीयत ज्यादा अचानक खराब होने के कारण वे इलाज के लिए हजारीबाग सदर में एडमिट किया था और वहीं रह कर देख रेख मरीज को कर रहा था। इसी बीच गिद्धौर थाना ने दो बार घर पर गया और पूछा की मुजाहिद कहां है घर पर मौजूद पुत्र मो मोजमिल ने बताया था की पिता जी मां की तबीयत खराब रहने से इलाज के लिए बाहर गए हुए हैं। इसी बीच बुधवार को पुनः गिद्धौर पुलिस मो मुजाहिद के घर सलीम पुर पहुंची जहां मुजाहिद को ना पाकर मुजाहिद के पुत्र मोजमील को वहीं पर मारपीट किया और अपने साथ थाना ले गया। जहां जम कर थाने में भी पिटाई की गई। पिटाई से युवक को काफी अंदुरूनी चोटें आई है। घटना के बाबत जब मोजमिल के पिता को पता चला की मेरा पुत्र को गिद्धौर पुलिस उठा कर ले गई है और बेरहमी से उसे पिटाई कर रही है। तब उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक चतरा को विस्तार से देते हुए न्याय की गुहार लगाया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक चतरा ने गिद्धौर पुलिस को फोन कर अविलंब युवक को छोड़ने का निर्देश दिया गया तब उसे उक्त पुलिस कर्मी से मुक्ति मिली ।इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए हजारीबाग सदर में एडमिट किया जहां आज भी इलाज जारी है। **क्या ब्याज पर किसी को रुपए लगाने का कानूनी प्रावधान है :** कानूनी तौर पर किसी को ब्याज पर रुपए लगाना कानून प्रावधान नहीं है इसके लिए अलग से रजिस्ट्रेशन कराना पड़ता है और सरकार को इसका इनकम टैक्स अदा करना पड़ता है उस फर्म के नाम पर ऐसे यदि कोई ब्याज पर रुपए लगा उसके साथ बर्बरता करता है या मारपीट करता है तो कानून जुर्म है

# जिला मुख्यालय सहित पूरे जिला में मनाया गया धूमधाम से शिक्षक दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय सहित पूरे जिला में शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया और शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।चतरा कालेज के बी.एड संभाग में बड़े धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। इस मौके पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन कि तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कॉलेज की छात्राओं ने सभी शिक्षकों की आरती उतारी. इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ मुकेश कुमार झा ने कहा कि शिक्षक हमेशा छात्रों को नेगेटिववविटी से पॉजिटिविटी की ओर लाते है। एक सकारात्मक ऊर्जा का उदय शिक्षा से ही होता है। बी. एड संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नन्द किशोर सिंह सर ने कहा कि एक शिक्षक से लेकर राष्ट्रपति तक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश को आगे बढ़ाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए। आप सभी प्रशिक्षु भविष्य के भावी शिक्षक हैं। मेरे जीवन का हर पल बच्चों के लिए समर्पित है। प्रोफेसर प्रेम बसंत बाखला बोले कि एक शिक्षक में जो नॉलेज, ज्ञान होता है उसे समाज में बांटना उनका कर्तव्य होना चाहिए ।इस मौके पर बी. एड. संभाग के प्रोफेसर ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो. शोभा कुजूर, डॉ. मो. मुमताज़ अंसारी, प्रो. अमित कुमार सिंह, अन्य विभाग के शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करके कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहयोग किये। मंच संचालन बी.एड संभाग की छात्रा अल्फिया मिन्नत की, साथ ही 2023 - 25 वा 2022-24 सत्र के सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास साथ मनाया गया शिक्षक दिवस



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों मे हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण की जयंती को उनके योगदान व उपलब्धियों को श्रधांजलि के रुप मे राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रुप मे मनाया गया। मुख्यालय क्षेत्र के परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर नृत्य व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके ठीक पूर्व विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष,सदस्य एवं प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षिकाओं ने सयुंक्त रूप से केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत किया। विद्यालय परिवार ने विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। इधर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, राजकिय आदर्श मध्य विद्यालय. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर वी.डी रेसिडेंसियल अकेडमी, ज्ञान द्वीप ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय., ए के आवासीय विद्यालय, संस्कार आवासीय विद्यालय में भी विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया।

## नौरंग चौक जिओ ऑफिस के सामने कम्प्यूटर गलैक्सी दुकान का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रेलवे स्टेशन रोड स्थित नौरंग चौक जिओ ऑफिस के सामने एक नई कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान कम्प्यूटर गैलेक्सी का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह कार्यक्रम मुख्य अतिथि ग्रामीण बैंक मैनेजर के द्वारा फिता काटकर किया गया। दुकान संचालक मो.अरमान अंसारी ने बताया कि ग्राहक मेरे दुकान से उचित मूल्य पर लैपटॉप की खरीदारी करेंगे। साथ ही पुराने कम्प्यूटर लैपटॉप आदि किफायती दरों पर रिपेयरिंग करके दिया जाएगा। एवं पुराने लैपटॉप की खरीद बिक्री एवं सीसीटीवी कैमरे भी लगाने की सर्विस दी जाएगी। यह दुकान क्षेत्र में कंप्यूटर, लैपटॉप, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों की उपलब्धता बढ़ाएगी, जिससे स्थानीय निवासियों को इन वस्तुओं के लिए दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस दुकान के उद्घाटन के मौके पर मुस्लिम अंसारी, मोबीन अंसारी, नाजीर अंसारी, गफ्फार अंसारी आदि कई स्थानीय लोगों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षक दिवस समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन परिसर में पांच सितंबर 2024 को विद्यालय में शिक्षक- दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा एवं समाजसेवी अनिल प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन धीरजन राम आचार्य के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी भैया-बहनों की उपस्थिति सराहनीय रहा। अधिकांश भैया-बहनों ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जीवनी पर चर्चा किए एवं कक्षा दशम् की कुछ बहनों के द्वारा गुरु की महिमा पर गीत प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के आचार्यों एवं दीदी जी के द्वारा गुरु की भूमिका पर विशेष रूप से भैया-बहनों को बताया गया। अन्त में प्रधानाचार्य ने गुरु की महिमा एवं भैया-बहनों को उनके बताए गए मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किए एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

## शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर होता है : प्राचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को संत जेवियर्स कॉलेज के सभागार में शिक्षक दिवस समारोह 2024 का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फॉ एमके जोश ने सभी शिक्षकों को इस अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रदान की तथा सभी शिक्षकों को बुके व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिस्टर चन्द्रोदया के नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा शिक्षकों के सम्मान में सुमधुर गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। डॉ फॉ एम के जोश ने अपने संदेश के दौरान कहा की शिक्षक दिवस शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है। वे हमारे समाज के आधार स्तंभ हैं जो हमें केवल पाठ्यक्रम का ही ज्ञान नहीं बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ फॉ एम के जोश, संत जोसेफ +2 के प्राचार्य फॉ दिलीप, महुआडांड़ पारिश के पल्ली पुरोहित फॉ सुरेश, महाविद्यालय के रजिस्ट्रार फॉ लियो, टूर्नामेंट कोर्डिनेटर फॉ राजीप, स्पोर्ट्स कोर्डिनेटर डॉ मन्नू कुमार शर्मा, प्रोफेसर्स गण तथा दूर दराज से आए दर्शक गण मौजूद थे।

## समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता : राधेश्याम कुमार

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पुलिस के पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशानुसार बरवाडीह व छिपादोहर पुलिस प्रशासन द्वारा थाना परिसर में 11 बजे पूर्वाह्न जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने बताया कि आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जाना है साथ ही क्षेत्र के आम जागरूक लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपके आसपास गांव मुहल्ले एवं अन्य जगहों पर आम नागरिक जिनका कोई भी समस्या अथवा शिकायत है वैसे लोग बेहिचक आज ही थाना परिसर में उपस्थिति दर्ज कराएं। कहा कि जन शिकायत व समस्या का समाधान करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। वहीं छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने भी आम लोगों से अपील किया है कि सुदूरवर्ती गांवों के लोगों की छोटी बड़ी समस्या व आपस में लड़ाई झगड़े व अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर थाना परिसर में बगैर डर-भय के अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं आप की हर छोटी-छोटी समस्याओं का हल किया जाएगा।

# राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शिक्षक दिवस के अवसर पर राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय हुंडरू में धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया।इस अवसर पर सर्वप्रथम सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात शिक्षकों बच्चों एवं अभिभावकों ने मिलकर केक काटा इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहन सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर बच्चों को विशेष भोजन खीर पुड़ी खिलाया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हीरा प्रसाद यादव ने सभी को शिक्षक दिवस की बधाई देते हुए सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के बताए हुए रास्ते पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा किसी भी देश की उन्नति केवल शिक्षित समाज से ही संभव है शिक्षा पर ही किसी देश का भाग्य निर्भर करता है। देश का निर्माता शिक्षक ही होता है शिक्षक संजीव कुमार चंद्र ने कहा कि सभी बच्चे इंसान बनो गुणवान निष्ठावान बनो गुणवत्ता इन सबसे विनयशील एवम् मेहरबान बनो यही पढ़े लिखे की पहचान है। वरीय शिक्षक प्रमोद कुमार पांडेय ने बच्चों को गुरुकुल शिक्षा संस्कारयुक्त शिक्षा के बारे में विस्तृत रुप से प्रकाश डाले। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष कुसमी देवी उपाध्यक्ष रीमा देवी विनीता देवी श्याम सुंदर राम सोनी देवी प्रमिला देवी शांति देवी सीमा देवी पल्लावी देवी ललिता देवी सरोज देवी मनिषा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बिजली पोल को मारी टक्कर, दुकान को किया क्षतिग्रस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के टमटमटोला ग्राम के समीप गुरुवार की सुबह सात बजे एक अनियंत्रित ट्रक जेएच 19 ए 4998 ने लोहे के 11 हजार बिजली पोल में जाकर टक्कर मार दिया। और बिजली पोल को तोड़ते हुए एक झोपड़ीनुमा (अंडा, चाउमीन) दुकान को छतिग्रस्त कर दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी की लोहे का बिजली पोल आधा टूटकर बालेश्वर साव के मकान के उपर जा गिरा जिससे मकान का अल्बेस्टर टूट गया। गनीमत यह रहा की घटना के वक्त बिजली पोल में करंट नहीं था। अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी। इसके अलावा बिजली पोल लोहे का नहीं होता तो उक्त ट्रक सीधा घर में जा घुसता जहां परिवार के सदस्यों की जान तक जा सकती थी। वही इस दुर्घटना में ट्रक का चालक ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाने में सफल रहा। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, दो रिम्स रेफर

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय स्थित एनएच 39 पर बिजली ऑफिस के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गये, जिन्हें तत्काल वहां मौजूद लोगों ने सदर अस्पताल पहुंचाया। घायलों में निखिल गुप्ता, पिता कमलेश गुप्ता दुर्गा मंदिर, नवल गुप्ता पिता दिनबंधू गुप्ता, धर्मपुर और बिट्टू कुमार पिता बीरेंद्र राम दुर्गा मंदिर शामिल हैं। तीनों घायल युवकों का सदर अस्पताल की चिकित्सक डॉक्टर रूचिरा वर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। इनमें से दो युवकों निखिल और बिट्टू की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने रांची रिम्स रेफर कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना के बारे में बताया की तीनों युवक एक ही बाईक पर सवार होकर किनामाड़ की तरफ जा रहे थे और वे काफी तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे। वहीं कुछ लोगों ने बताया की ये सभी बस को ओवरटेक किया और फिर आगे जाकर एक चेचिस से जा टकराएं। इधर घटना की जानकारी मिलते ही लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा सदर अस्पताल पहुंचे घायलों को देखा और अग्रेतर कार्रवाई में जुट गए।

# 2013 भूमि अधिग्रहण कानून लागू करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के ग्राम राउतपारा में कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बादम, राउतपारा, रुद्दी, गोंदलपुरा सहित अन्य गांव के ग्रामिण उपस्थित हुए। इस दौरान जेएसडब्ल्यू, एनटीपीसी, अदानी सहित क्षेत्र में प्रस्तावित अन्य कोल खनन कंपनियों का विरोध किया गया। ग्रामीणों ने एक स्वर में किसी भी कंपनी को एक इंच जमीन नहीं देने का संकल्प लिया। बारी बारी से कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने कहा कि पंचायत के बादम व राउतपारा और गोंदलपुरा में कोल कंपनियां आई है। यहां गैरमजरुवा जमीन अधिक है। गैरमजरुवा जमीन का रैयतों को सरकार की ओर से रसीद पर्चा मिला है और इस जमीन पर सदियों से हमारे पूर्वज और अब हम ग्रामीण खेती बारी कर जीविकोपार्जन कर रहे हैं। लेकिन कंपनी के द्वारा मुफ्त में गैरमजूरवा जमीन लूट लिया जाता है, इससे सिर्फ सरकार को फायदा होता है। जनता को जो संविधान के तहत हक अधिकार मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता है। जिस भी कंपनी को कोल आवंटन होता है वो खुद से कोयला खनन नही करता है बल्कि ठेकेदार कंपनी को ठेकेदारी में कोयला खनन करने का काम दे देता है। इस से ग्रामीणों को दिहाड़ी मजदूर के जैसा काम मिलता है।अंग्रेजों के जमाने का कोल बैरिंग कानून के तहत जबरन ग्रामीणों की जमीन छीनी जा रही है। हम आजाद भारत में है और 2013 में बने भूमि अधिग्रहण कानून का पालन कोई भी कोल खनन कंपनी नही कर रहा है। हम झारखंड सरकार से मांग करते हैं के 2013 भूमि अधिग्रहण कानून को अविलंब लागू किया जाए और झारखंड की जमीन को लुटने से बचाया जाए।

झारखंड के सीधे साधे लोगों की जमीन को लुटने से बचाने के लिए 2013 भूमि अधिग्रहण कानून लागू करना बेहद जरूरी है। रैयत गौतम वर्मा ने कहा कि जमीन से कई प्रकार के फसल पैदा होता और जंगल से सूखी लकड़ी मिलती है। हम ग्रामीणों का जीवन आराम से चल रहा है। हमें किसी कंपनी की आवश्यकता नहीं है।कंपनी को खदान खोलना है तो बंजर जमीन में खदान खोले। इसलिए एनटीपीसी व बीजीआर के आवंटन को रद्द करने का मांग हम सभी ग्रामीण करते हैं।

कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष विकास महतो ने कहा कि कृषि योग्य बहुफसली जमीन व प्राकृतिक के हरे भरे जंगल पहाड़ को बचाने के लिए लोगों को जागरुक कर रहे हैं। टंडवा से चरही तक पुरे कर्णपुरा क्षेत्र पर बहुराष्ट्रीय कंपनी गिद्ध की नजर लगाए हुए हैं। कंपनी खनन कर इस प्राकृतिक सौंदर्यता को नष्ट करने पर तुली है।

जिस दिन टंडवा से चरही तक के जनता जागरूक होकर सड़क पर आ गए उस दिन सरकार को सोचना समझना पड़ेगा। जहां खदान खुला है वहां हरे भरे क्षेत्र को मिटा दिया गया और ग्रामीणों के हिस्से में धूल गर्दा के सिवाय कुछ नहीं मिला।जेबीकेएस /जेएलकेएम के विकास कुमार महतो ने कहा कि एनटीपीसी बीजीआर कंपनी खनन के लिए प्रयासरत हैं लेकिन हम इन बड़ी बड़ी परियोजनाओं का समर्थन नहीं करते हैं। क्योंकि मूलवासियों रैयतों को भारी संख्या में विस्थापन होना पड़ता और इन कंपनियों का मुनाफा होता है।


# सर्वांगीण विकास के लिए अन्नदाता किसानो का कृषि उत्पादन अति आवश्यक : डॉ आरसी मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने कटकमसांडी प्रखंड के छड़वा, कंचनपुर, हेदलाग, पकरार सलगावा इत्यादि गांव में जनसंपर्क किया। इस दौरान पकरार के सभा में डॉ मेहता ने कहा की हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए अन्नदाता किसानो का कृषि उत्पादन अति आवश्यक है। उन्होंने केन्द्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी चरम पर है। देश के सैकड़ो सरकारी उपक्रम जैसे रेल, बैंक, एलआईसी ,सीसीएल, बीसीसीएल बीएसएनल, यूनिवर्सिटी, हवाई जहाज इत्यादि सैकड़ो सरकारी संस्थान को देश के धनाढ्य व्यापारियों को केंद्र सरकार ठेके पर दे रही हैं। इस कारण सरकारी नौकरियों कमी हो गई। नौजवान बेरोजगार हो रहे है। नौजवान बेरोजगारी के कारण पकोड़े तलने पर मजबूर हो रहे हैं। आज देश में बेरोजगारी के कारण छात्र, किसान, मजदूर आत्महत्या कर रहे हैं जबकि झारखंड सरकार अनेकों नौकरियां दे रही है । सरकार ने गरीब बहनों को मईया सम्मान योजना के तहत ?1000 प्रत्येक महीना दे रही है जो झारखंड वासियों के लिए बड़ी तोहफा है इसलिए झारखंड में इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ेगा और पुनः सरकार झारखंड में इंडिया गठबंधन का बनेगा। उन्होंने आगे कहा की हजारीबाग का बेटा हूं हजारीबाग का कल्याण हेतु आजीवन संघर्ष करता रहूंगा। जनसंपर्क कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता बबलू कुशवाहा विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजयरविदास रामचंद्र भुइया राकेश गुप्ता-जितेंद्र कुशवाहा राहुल सिंह इत्यादि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में भाग लिए।

## द गाइड इंस्टीट्यूट में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया टीचर्स डे




**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** करियातपुर स्थित द गाइड इंस्टीट्यूट में शिक्षक दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, इस शुभ अवसर पर सभी शिक्षकों का सम्मान बच्चों ने अनुठे अंदाज में किया, कार्यक्रम की शुरुवात बच्चों ने शिक्षक की आरती उतार कर व माथे पर तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लेकर किया, निर्देशक संतोष राणा ने कहा कि शिक्षक गुरु का रिश्ता त्याग और समर्पण का होता है, इस तरह एक शिष्य भी इस संपर्पण की भावना से उसे ज्ञान को प्राप्त करता है। मौके पर निर्देशक संतोष राणा, शिक्षक समीर,सुजीत दास, रवि कुमार, सोनाली कुमारी, निकी कुमारी,सपना कुमारी,काजल कुमारी, पूजा कुमारी,नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, सबनम प्रवीण,नीलम कुमारी , सहित अन्य बच्चें उपस्थित रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में झींगी बारांय बरकट्ठा की टीम ने भांडरो टीम को किया पराजित



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम गरजामू में शिक्षक दिवस पर स्टार स्पोर्ट्स इलेवन क्लब के सौजन्य से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उदघाटन मैच झींगी बारांय बरकठ्ठा बनाम भंडारो के बीच खेली गई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अल्पसंख्यक महा कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. कयूम ने इस टूर्नामेंट का फीता काट उद्घाटन किया। मो कयूम ने खेलाड़ियों को मार्गदर्शन देकर हौसला बढ़ाया और कहा कि फिट रहने के लिए खेल जरूरी है। भंडारो की टीम ने पहला बैटिंग करते हुए 10 ओवर में खेल में 85 रण बना पाया। वहीं झींगी बारांय बरकट्ठा की टीम ने अपनी पारी खेलते हुए 8 ओवर 2 बॉल मे लक्ष प्राप्त कर लिया और 4विकेट से शानदार जीत हासिल की। मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो. कय्यूम, पंसस प्रतिनिधि रमजान अंसारी, अफजल अंसारी, साबिर मियां, नसीम अंसारी, चाँद अंसारी आदि उपस्थित थे।

## आरएनवाईएम कॉलेज परिसर में मिला कोबरा साप, रेस्क्यू टीम ने पकड़ा



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरएनवाईएम कॉलेज परिसर में कोबरा साप मिला, जिसे देख वहा के शिक्षक घबरा गए। इसकी सूचना बरही वन विभाग को दी गई, जिसके बाद मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू टीम ने कोबरा साप को पकड़ कर ले गया। जिसे दूर जाकर जंगल में छोड़ दिया गया। रेस्क्यू टीम द्वारा कोबरा साप को पकड़ ले जाने पर कॉलेज प्रबंधन समिति ने धन्यवाद दिया।

## पुलिस और नागरिकों के बीच दूरी कम करने के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण, पुलिस एवं नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को दूर करने के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। 6 सितंबर को बरही अनुमंडल के बरकट्ठा, गोरहर, चलकुसा थाना क्षेत्र के लोगों के लिए कार्यक्रम स्थल बरकट्ठा थाना को बनाया गया है। जहां नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वहीं 7 सितंबर को बरही, पदमा ओपी, और चौपारण थाना क्षेत्र के लोगों के लिए कार्यक्रम स्थल बरही थाना परिसर में बनाया गया है, जहां नागरिकों की समस्या और समस्याओं का समाधान किया जाएगा। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर हजारीबाग के नेतृत्व में जन शिकायत कोषांग का गठन किया गया है।

## बरही की वर्षा और अर्चना महिला टी-20 टीम में हुई शामिल



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन (बीएसए) की दो प्रति भावान महिला खिलाड़ियों वर्षा कुमारी और अर्चना कुमारी का चयन आगामी महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह प्रतियोगिता रांची के जेएससीए स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जिसके साथ ही महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का नए सीजन की शुरुआत होगी।बीएसए रिपोर्ट के अनुसार वर्षा कुमारी का चयन दुमका जिला टीम के लिए हुआ है जबकि अर्चना कुमारी बोकारो जिला टीम के लिए हुए है। यह दोनों खिलाड़ी बरही क्षेत्र से ताल्लुक रखती हैं और लंबे समय से अपने बेहतरीन खेल से क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। दोनो खिलाड़ियों के चयन होने पर व्यवसायी व क्रिकेट प्रेमियों ने बधाई दी है। इस मौके पर हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, विधायक उमाशंकर अकेला, एचडीसीए सचिव राजेश तिवारी, बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, अध्यक्ष नौशाद अहमद, सचिव बलराम केशरी, व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, मनोज केशरी, अमित केशरी, उदय केशरी सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया है।

## आईलेक्स के बच्चो ने शिक्षकों के लिए घर से लाए पकवान खिलाकर बनाया शिक्षक दिवस

- **शिक्षक गुरु का रिश्ता त्याग और समर्पण का होता है : शैलेश कुमार**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस के दिन एक अनूठी परंपरा देखने को मिली। बच्चों ने इस बार बाजार से आई सारी चीजों का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया। टीचर्स के लिए अपने घर से पकवान बनवाएं और उन्हें अपने लंच बॉक्स में लेकर के आए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने शिक्षक की आरती उतार कर माथे पर तिलक लगाकर और उनसे आशीर्वाद लेकर की, जिसे देख करके सभी शिक्षक भाव विभोर हो गए। इसके बाद सभी बच्चों ने अपने घरों से ले पकवानों का जिस तरीके से प्रदर्शनी लगाई ऐसा लग रहा था जैसे मंदिरों में किसी खास मौके पर छप्पन भोग का आयोजन किया गया हो। गुरु का दर्जा भगवान से भी ऊपर होता है और आईलेक्स के बच्चों ने आज इसे साबित कर दिया। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने भी सबसे पहले सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी और साथ ही साथ बच्चों द्वारा किए गए इस अनूठे आयोजन की दिल से प्रशंसा की शिक्षक गुरु का रिश्ता त्याग और समर्पण का होता है।जहां गुरु अपना अपना सर्वेष्ट न्योछावर कर देता है एक शिष्य को शिक्षित करने में वह अपने ज्ञान की सारी मटकी उड़ेल करके रख देता है, इस तरह एक शिष्य भी इस समर्पण की भावना से उसे ज्ञान को अर्जित करता है और आज बच्चों ने जिस भावनात्मक रूप से शिक्षक दिवस का आयोजन किया है, इसे देखकर के मेरी आत्मा तृप्त हो रही है।

## लोयोला विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र आगे बढ़े इस थीम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** 5 सितंबर को लोयोला विद्यालय चरही में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत कक्षा सजावट प्रतियोगिता में भाग लिया। सभी कक्षाओं के छात्रों ने अखबार, चार्टपेपर और बेकार पड़ी सामग्री से अपनी कक्षा को रचनात्मक रूप से सजाया और जिसमें कक्षा 4 के छात्रों ने प्रतियोगिता जीती। शिक्षकों का प्रतिनिधित्व और सम्मान छात्रों द्वारा बनाए गए छोटे-छोटे उपहार और हाथ की कलाकृति द्वारा किया गया, जो दर्शाता है कि हम शानदार सामग्री बनाने के लिए घर में बेकार पड़ी चीजों का उपयोग कर सकते हैं। विद्यालय ने यह उत्सव सर्वपल्ली राधाकृष्णन की आरती के साथ केक काटकर प्रारंभ किया साथ ही छात्रों ने कविता के माध्यम से अपने गुरुओं को संदेश और सममानित किया। समारोह के बाद स्कूल ने छात्रों को चॉकलेट और केक वितरित किया। लोयोला विद्यालय के प्रबंध निदेशक एम के बरनवाल ने प्रेरणादायी शब्दों में उनके उल्लेखनीय कौशल की सराहना की, ÷छात्रों ने अपने छिपे हुए कौशल से जो कल्पनाशीलता और प्रतिभा दिखाई, उसने मेरा दिल पिघला दिया, शिक्षक दिवस का मतलब उपहार देना नहीं है, बल्कि अपने प्रदर्शन से शिक्षकों को गौरवान्वित करने के लिए समर्पण होना है। छात्रों ने सजावट के लिए अपशिष्ट पदार्थों के पुनर्चक्रण के तरीकों के लिए प्रबंध निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन किया। विद्यालय में निःशुल्क छात्रावास प्रवेश दे रहा है।

## लोकनायक हाई स्कूल में बड़े ही धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया, बतौर अतिथि के रूप में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के बेस पंचायत स्थित लोकनायक हाई स्कूल में शिक्षक दिवस को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नेता हर्ष अजमेरा मुख्य रूप से शामिल हुए। स्कूल के नन्हे बच्चों के द्वारा नृत्य के बीच श्री अजमेरा का स्वागत व अभिनंदन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई, इसके बाद विद्यालय के संस्थापक विनोद कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि श्री अजमेरा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया,जिसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद स्कूली बच्चों ने सामूहिक तस्वीर लेते हुए फूलों का गुलदस्ता भेंट कर हर्ष अजमेरा के साथ तस्वीर लिया, इसके बाद श्री अजमेरा ने विद्यालय का भ्रमण कर भविष्य के विषय में विद्यालय के संस्थापक से कई विषयों पर वार्तालाप किया, बताया गया कि विद्यालय वर्ष 2004 में स्थापित हुआ था बेस पंचायत में प्राइवेट स्कूल के रूप में बच्चों को अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। बच्चे यहां से शिक्षा प्राप्त कर देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर कार्य कर रहे हैं। मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं। उनके मार्गदर्शन से ही देश का भविष्य उज्जवल बनता है। शिक्षक दिवस के इस अवसर पर हम सभी को अपने गुरुओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की, साथ ही उन्होंने कहा की आज के दिन हमें अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। शिक्षा के बिना कोई भी देश प्रगति नहीं कर सकता और शिक्षक इस यात्रा के केंद्र में होते हैं। मुझे गर्व है कि हमारे देश में ऐसे समर्पित शिक्षक हैं जो न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण में भी अहम भूमिका निभाते हैं।उन्होंने यह भी कहा, मैं इस स्कूल के छात्रों और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण को देखकर बेहद प्रभावित हूं। आप सभी का भविष्य उज्जवल है,और मुझे यकीन है कि इस विद्यालय से निकलने वाले विद्यार्थी समाज में बड़ा बदलाव लाएंगे। विद्यालय के संस्थापक सदस्य ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह दिन शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है, और यह आयोजन हर वर्ष इसी उत्साह और भावना के साथ मनाया जाता रहेगा।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में टीचर्स डे की रही धूम



- **गुरुओं को सम्मान और आदर नहीं देंगे, तब तक शिक्षक दिवस का कोई महत्व नहीं : रोहित**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटर नेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सभी शिक्षकों ने देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलन कर की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अद्भुत जोश और उत्साह के साथ पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। विद्यालय प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियाँ दीं। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस मनाने का असली उद्देश्य तभी सफल हो सकता है, जब आप सभी बच्चे दिल से शिक्षा प्राप्त करेंगे और अपने बड़ों, विशेषकर शिक्षकों का आदर करेंगे। जब तक आप अपने गुरुओं को सम्मान और आदर नहीं देंगे, तब तक शिक्षक दिवस का कोई वास्तविक महत्व नहीं होगा। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, यह जीवन को बेहतर ढंग से समझने और सही दिशा में आगे बढ़ने का माध्यम है। वहीं उप प्राचार्य विकास सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी शिक्षा तभी सार्थक होगी जब आप समय का सदुपयोग करेंगे और अपने अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। शिक्षक आपको सही दिशा दिखाते हैं, लेकिन सफलता आपकी मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है।इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए उन्हें उपहार भेंट किए। वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों के इस आदर और स्नेह का दिल से धन्यवाद किया और उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चरही में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** जिले के विभिन्न प्रखंडों में आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।गुरुवार को चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत भवन में हो रहे इस कार्यक्रम में पंचायत के ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।कार्यक्रम की शुरुआत चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान अबुआ आवास,मनरेगा, खाद्य आपूर्ति, उद्योग,राजस्व, पेंशन, कृषि ऋष्टा, स्वास्थ विभाग समेत कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे।कार्यक्रम के दौरान लगभग बीस बच्चों के बीच कॉपी किताब का वितरण किया गया ।

## कुसुम्भा पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया ट्रान्सफार्मर का उद्धघाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत कुसुंभा पंचायत शिव मंदिर के समीप लगे 100 केवीए का ट्रान्सफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी सूचना पाकर हज़ारीबाग साँसद मनीष जायसवाल ने तत्काल ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराया। कुसुम्भा भाजपा कार्यकर्ताओं ने ट्रान्सफार्मर का विधिवत पूजा अर्चना कर ट्रान्सफार्मर का उद्धघाटन किया। बल्ब जलने के साथ ग्रामीणों के चेहरों में चमक आ गई। कुसुम्भा के ग्रामीणों ने साँसद मनीष जायसवाल का धन्यवाद कहा। इस मौके पर मुख्य रूप से भीम राम,विकास कुमार पांडेय,रंजीत कुमार पासवान,धानेश्वर पासवान,पवन कुमार पासवान समेत सैकड़ो की सँख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा ने खरना के किसानों को दिया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरना पंचायत में 05 सितम्बर 2024 को दो दिवसीय प्रशिक्षण कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग, आत्मा समेति सहायय, ( कृषिउन्नति योजना) के तहत आयोजन किया गया । बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति चांदमुनि हेंब्रम के द्वारा की गई ।इस प्रशिक्षण में प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश कुमार राणा ने किसानों को खरीफ एवं रवि में होने वाली फसलों सब्जी की खेती जैविक खेती मिट्टी जांच नमूना का संग्रहण मोटे अनाज की खेत,दलहन या तिलहन की खेती को बढ़ावा देना ,किसान क्रेडिट कार्ड के प्रति लोगों को जागरूक करना, किसान समृद्धि योजना के तहत पंप सेट योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताना, कृषि उपादान के बारे में इत्यादि के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक जन जागरण केंद्र विष्णुगढ़ के कृषि विशेषज्ञ आदि देव सिंह एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी विष्णुगढ़ अभय कुमार , कृषक मित्र गणेश नायक ,सुनील कुमार सिंह एवं महिला कृषक उपस्थित हुए।

## बड़कागांव में शहीद जगदेव प्रसाद की 50वीं पुण्यतिथि मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** शोषित समाज के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक और राजनेता शहीद जगदेव प्रसाद की 50वीं पुण्यतिथि बड़कागांव में मनाई गई।जगदेव विचार मंच, बड़कागांव के अध्यक्ष उमेश दांगी के नेतृत्व में बड़कागांव स्थित सूर्य मंदिर प्रांगण में अमर शहीद जगदेव प्रसाद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह मंच के संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि बिहार के लेनिन नायक जगदेव बाबू शोषितो की आवाज बुलंद करने के लिए लोगों को जागरुक करते हुए शहीद हो गए। उनकी शहादत को हमें यादकर उनके विचारों पर चलने की आवश्यकता है। जगदेव बाबू ने नारा दिया था 100 में 90 शोषित है 90 भाग हमारा है। 10त्न लोग 90त्न पर शासन चला रहे हैं और आज हम उनके चंगुल से छूट नहीं पा रहे हैं। इसी को जगाने के लिए जगदेव बाबू ने नारा दिया था अबकी बारी भादो में गोरी कलाइयां कादो में। अगड़ी जाति के लोगों को किरकिरी बने जगदेव बाबू को सभा करते हुए 5 सितंबर 1974 को गोली मार दी गई और शहीद हो गए। वहीं अध्यक्ष उमेश दांगी ने कहा कि बहुसंख्यक समाज आज भी शोषित व पीड़ित है। जिसको लेकर हम सभी को जागरूकता लाने की जरूरत है तथा शोषण के विरुद्ध एकजुट होकर खड़ा होना होगा । मौके पर संरक्षक सह पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर बालेश्वर महतो, कर्णपुरा कॉलेज प्राचार्य प्रो.कीर्तिनाथ महतो, पूर्व प्रमुख सह पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, बड़कागांव मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार प्रसाद, उप मुखिया सत्यदेव प्रसाद, सचिव इंद्र भूषण, कोषाध्यक्ष रितेश ठाकुर, मीडिया प्रभारी शिव शंकर कुमार, पंसस उपेंद्र कुमार, लालमणि महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, दीपक कुमार, विकास कुमार मेहता, रामकुमार, कुलदीप कुमार, झामुमो प्रखंड सचिव सरोज मेहता, सुजीत कुमार, सनी कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डीएवी बनियाहीर मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर के प्रांगण में पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्राचार्य सुब्रतो मोदक के द्वारा श्री राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सुब्रतो मोदक ने अपने सम्बोधन में कहा की शिक्षक दिवस एक ऐसा दिन है जब हम उन सभी शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट कर सकते हैं जिन्होंने हमारे जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दिन को मनाते हुए हमें यह भी याद रखना चाहिए कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो हमें एक बेहतर समाज और उज्जवल भविष्य की ओर ले जाती है। प्राचार्य ने श्री राधाकृष्णन के महान कार्यों का उल्लेख कर उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतराने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य-संगीत व नाट्यमंचन जैसे कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गईं जो अत्यंत मनोमुग्धकारी रही। कार्यक्रम का संचालन कक्षा बारहवी की छात्रा रिशु कुमारी तथा छात्र तारिक अनवर ने किया। बच्चों ने इन कार्यक्रमों में शिक्षकों को भी शामिल कर कार्यक्रम को और भी रोमांचक बना दिया।

## डिनोबिली स्कूल डिगवाडीह में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह का हुआ आयोजन




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डिनोबिली स्कूल डिगवाडीह में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया और उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अध्यापक - अध्यापिका अनुराधा, शुर्मिला, चंदन सरकार, अरविंद और सर नवीन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में अपने 25 अमूल्य वर्षों का योगदान देने के लिए अध्यापिका अनुराधा यादव को विशेष स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डाला और उनके कठिन परिश्रम व समर्पण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। समारोह में छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गायन और नाटक शामिल थे। छात्रों ने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के छात्रों का विशेष योगदान रहा।

## आईआईसीसी और आईएनआईएफडी संस्थान के विद्यार्थियों ने शिक्षक दिवस मनाया गया



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मेन रोड स्थित IICC & INIFD संस्थान के विद्यार्थियों के द्वारा BACKYARD कैफे, कांके रोड में शिक्षक दिवस मनाया गया इस अवसर पर केक काटे गए, बच्चों ने शिक्षकगण को उपहार भी भेंट की, शिक्षक दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए, कार्यक्रम में नृत्य, संगीत, और कई खेल के आयोजन किये गए। इस अवसर पर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर श्री महबूब आलम ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता पाने का मन्त्र दिया और प्रोत्साहित भी किया। विद्यार्थिओं ने बहुत अच्छा आयोजन किया था इसके लिए हम सभी शिक्षकगण बहुत बहुत धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं इस अवसर पर शिक्षक गण आमिर आरफीन, आफरीन इरशाद, शिखा सराओगी, हरेंद्र कुमार, मणि राठी, स्वीटी कुमारी, नवाजिश हुसैन आदि उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री आगमन को लेकर डीसी ने कार्यक्रम स्थल फुटबॉल मैदान ताराटाड़ का किया निरीक्षण

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विधि व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ व सुगम रखेंगे : उपायुक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** ज़िले में आगामी 9 सितंबर को हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार का गिरिडीह जिला के ताराटाड़, गांडेय में आगमन प्रस्तावित है। जहां गिरिडीह और धनबाद जिला का संयुक्त आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इसी के निमित्त विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था संधारण, यातायात व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल फुटबॉल मैदान, ताराटाड़ का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, स्टेज निर्माण, हेलीपैड, वाहनों के आवागमन, वाहन पार्किंग आदि के सम्बन्ध बिंदुवार चर्चा कर सम्बन्धित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। साथ ही सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति के साथ करें। ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाय।मौके पर निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गांडेय, अंचलाधिकारी, गांडेय, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल - 1×2, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी तथा पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शिक्षकों को सम्मान मिलना उनके पावन कर्मों का फल : महुआ सिंह



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल, सी एफ आर आई में आनंदमय वातावरण के बीच विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने देश के महान शिक्षाविद, प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये और उन्हें याद किया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार भेंट किया गया। गुरु शिष्य की परंपरा को बरकरार रखते हुए विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने स्कूल के सभी शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने शिक्षको को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि शिक्षकों को सम्मान मिलना उनके अथक परिश्रम एवं सेवाकर्म का अधिकार फल है। स्कूल के काउंसिल मेंबर के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें नृत्य, संगीत, भाषण, स्किट एवं कविता वाचन था जिससे शिक्षक काफी प्रसन्न हुए।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ऑन द स्पॉट विभिन्न मामलों का किया गया निष्पादन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद प्रखंड अंतर्गत छोटकी खरगडीहा में आपकी-योजना आपकी-सरकार आपके-द्वार÷ कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत गुरुवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने शिविर में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार÷ कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों अंतर्गत चयनित पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी अपनी समस्या को सीधा रख सकते हैं, जिसका समाधान त्वरित गति से किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपलोग अपनी-अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से करें, ताकि आपकी समस्याओं को त्वरित गति से समाधान किया जा सके और पात्र लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सकें। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल हों और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। आगे उन्होने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कई तरह की महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ उठायें। शिविर में अलग-अलग विभाग के स्टॉल लगाये जा रहे हैं, जहां योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं।

## लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन को देना ही महागठबंधन सरकार की प्राथमिकता : सतपाल सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड संख्या 31/32 एसएसएलएनटी स्कूल टेलीफोन एक्सचेंज रोड बैंक मोड़ मैं शिविर लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने शिविर में लोक कल्याणकारी योजनाओं में हाथ बटा कर सेवा भावना से आम जनों को लाभ पहुंचने में मदद की और कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार के द्वारा पुनः चौथी बार 30 अगस्त से 15 सितंबर के बीच सरकार विशेष कैंप के माध्यम से 36 से भी अधिक प्रकार की योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से यह योजना चला रही है। पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में कैंप लगाकर लोगों से आवेदन लिए जा रहे हैं। कई समस्याओं का निराकरण ऑन स्पॉट किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा महानगर प्रवक्ता आकाश रवानी एवं निवर्तमान वार्ड पर्षद राकेश राम, युवा कांग्रेस के दीपक यादव एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नवादा के सांसद विवेक ठाकुर और महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के बीच बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** नवादा के माननीय सांसद (लोकसभा) विवेक ठाकुर ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के साथ बैठक की। बैठक के प्रारम्भ में महाप्रबंधक ने सांसद महोदय का स्वागत किया। बैठक के दौरान नवादा सहित बिहार में चल रहे रेल विकास परियोजनाओं एवं यात्री सुविधा से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। साथ ही माननीय सांसद महोदय द्वारा रेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए ।

## महुदा रेलवे गैंगमेन के मेट व अन्य अधिकारियों ने क्वार्टर देने के एवज में मुझसे 50 हजार रुपये लिए : श्यामलाल

### एडीईएन को त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के संबंध में जानकारी मांगा हैं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** महुदा रेलवे कॉलोनियों के क्वार्टर पर अवैध कब्जा दिलाने के नाम पर आइओडब्लू विभाग के अधिकारीयों द्वारा महुदा इंटर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्यामलाल महतो से 50 हजार रुपये की अवैध वसूली करने का मामला प्रकाश में आया हैं। मामले में बताया जाता हैं कि इसमें कई नामचिन्ह रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हैं। जिन्होंने अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मी लाल मोहन प्रमानिक के क्वार्टर को फर्जी तरीके से एनओसी दिलाकर विभाग द्वारा सील किये क्वार्टर में पीछे के दरवाजे से अनाधिकृत रूप से एक मोटी रकम की अवैध वसूली कर गैर रेलवे कर्मी को भाड़े में दे रखा था। वहीं इस बात की ख़बर जब आमलोगो में आग की तरह फ़ैल गईं। तो आनन-फानन में विभाग उक्त क्वार्टर में रखे समान को बुधवार को पीछे के दरवाजे से निकालने की कोशिश करने लगे। तभी भाड़े पर रह रहे भुक्तभोगी ने दिये गए राशि की मांग करते 50 हजार रुपये वापस किये जाने के शर्त पर क्वार्टर को खाली करने की बात बोलकर डटे रहे। वही मामला अखबारों में प्रकाशित होने के पश्चात् रेलवे अधिकारीयों के दबाव में आकर गुरुवार की सुबह पूर्व प्राचार्य श्यामलाल महतो ने क्वार्टर से अपने सामानो को निकाल लिया। किन्तु भारी मन से उन्होंने मीडिया को बताया की गैंगमेन के मेट मिहिर कुमार महतो एवं अन्य अधिकारियो ने क्वार्टर देने के एवज में मुझसे 50 हजार रुपये लिए इसके आलावा अवकाश प्राप्त रेलवे कर्मी लाल मोहन प्रमानिक को महीने का 17 सौ देते थे। बावजूद हमें परेशान करते बिना राशि लौटायें मुझे क्वार्टर खाली करने का दबाव डाला गया।

### मारवाड़ी कॉलेज के एम कॉम (दूसरी पाली) के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया

## छात्र-छात्राओं को जो जिम्मेदारियां दी जाती हैं, उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं : डॉ. मनोज कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मारवाड़ी कॉलेज में शिक्षक दिवस को बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विविध रंगारंग और मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देने वाले थे। छात्रों की इस अभूतपूर्व प्रस्तुति ने समारोह की रौनक को और भी बढ़ा दिया।शिक्षक दिवस के इस समारोह में कॉलेज के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएँ भी उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके शैक्षणिक सफर में सफलता की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मनोज कुमार ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का महत्व समाज में बहुत बड़ा है और शिक्षक ही हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। इसलिए, शिक्षा और शिक्षक दोनों का सम्मान करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित किया कि वे जो जिम्मेदारियाँ उन्हें दी जाती हैं, उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएं।

इस आयोजन का मंच संचालन अलीशा कुमारी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अलीशा कुमारी, राहुल कुमार, ऋ षिका क ुमारी, साकची कुमारी, एकता गुप्ता और सैफ हसन ने शिक्षक कृष्णकांत के मार्गदर्शन में किया। इन सभी ने मिलकर इस खास दिन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। सभी उपस्थित लोगों ने इस कार्यक्रम को सराहा और इसने कॉलेज के समग्र वातावरण को एक सकारात्मक ऊर्जा प्रदान की। यह आयोजन शिक्षकों और छात्रों के बीच की गहरी आत्मीयता और सम्मान को प्रदर्शित करता है, और शिक्षक दिवस को सही मायनों में एक विशेष दिन बना दिया।



## प्रभात सामाजिक संस्थान द्वारा ज्वाला पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को किया गया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गुरुवार को गिरिडीह ज़िले के बेंगाबाद प्रखंड के केंदुआगढ़हा में प्रभात समाजिक संस्थान के द्वारा ज्वाला पब्लिक स्कूल केंदुवागढहा में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । वही उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तसवीर पर पुष्पांजलि किया गया।इधर विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। वही कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को अतिथियों द्वारा शॉल तथा किट देकर समानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चपुवाडीह विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद जफरुल अंसारी ने कहा कि शिक्षक केवल स्कूल में पढ़ाने वाले नहीं होते, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में राह दिखाने और जागरूकता फैलाने का काम करते हैं। मुखिया राजेंद्र वर्मा ने कहा कि आज के युग में शिक्षक की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। शिक्षक के बिना पूर्ण मानव विकास संभव नहीं है।मोतीलेदा मुखिया प्रतिनिधि छोटेलाल यादव ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में गुरु का होना आवश्यक है। बिना गुरु के ज्ञान संभव नहीं है। वही कार्यक्रम का संचालन प्रभात समाजिक संस्था के सचिव संजय कुमार के द्वारा किया गया।


कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार

अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 21/2024-25

1. कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत परहाटोली ग्राम डुमरडीह (तुन्दटोली) में लिबनुस कुजूर के घर से बेलटोली नहर पुलिया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 70,04,400 | 1,40,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत परहाटोली ग्राम शाहपुर में डुम्बर नाला से दातुखाड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 73,56,000 | 1,47,500 | 10,000 | 06 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम आरागुण्डी में पी0डब्लू0डी0 रोड से रैंची सीमान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–1 | 70,80,300 | 1,42,000 | 10,000 | 06 माह | 03/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 4 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत आरागुण्डी ग्राम कुन्दरी में पी0डब्लू0डी रोड से मन्दरचुटी स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57,77,700 | 1,16,000 | 10,000 | 06 माह | 04/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 5 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत सोहर ग्राम चुटिया में चुटिया और बेलवार ग्राम के बीच पुलिया निर्माण। | 74,96,500 | 1,50,000 | 10,000 | 06 माह | 05/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 6 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत बारियातु ग्राम गाडी में टोला रेडाही में प्रकाश मिस्त्री के घर से रेडाही पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 57,49,900 | 1,15,000 | 10,000 | 06 माह | 06/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 7 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत शिबला ग्राम बेसरा में उरांव टोली से पासवान टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 52,08,700 | 1,04,500 | 10,000 | 06 माह | 07/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 12.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–18.09.2024, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 20.09.2024 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 334899 Rural Development(24-25)#D

## चलते चलते एक नजर

### जख्मी लड़की को सांसद ने अस्पताल पहुंचकर हाल-चाल जाना



**सुरसंड (बिहार) :** थाना क्षेत्र के राधाऊर गांव में अपराधियों के गोली से जख्मी लड़की का सांसद ने बुधवार को अस्पताल पहुंचकर हाल-चाल जाना। सांसद देवेशचंद्र ठाकुर ने डा.वरुण कुमार के सीतामढ़ी स्थित क्लिनिक में जाकर जख्मी रिमझिम कुमारी से मुलाकात की और घटना की विस्तृत जानकारी ली। सांसद श्री ठाकुर ने डा.वरुण कुमार से भी बातचीत कर जख्म के बाबत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने क्लिनिक में मौजूद थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडे और केस के अनुसंधानक एसआई अचल अनुराग के साथ घटना में पुलिस जांच की प्रगति के बाबत पुछताछ किया। उन्होंने अपराधियों के धर-पकड़ के लिये थानाध्यक्ष पांडे को विशेष अभियान चलाने की बात कही। उनका कहना था कि अपराध किसी भी रुप में समाज के लिये घातक है। उन्होंने बताया कि राज्य में अपराधियों पर नकेल कसने के लिये सरकार प्रतिबद्ध है। इस दौरान राधाऊर पंचायत के मुखिया रविशंकर ने सांसद श्री ठाकुर से राधाऊर गांव में पुलिस शिविर (पिकेट) बनवाने की मांग की। सांसद श्री ठाकुर ने भरोसा दिलाया कि इस संबंध में वरीय अधिकारियों से बातचीत कर इसकी व्यवस्था करवाने का उनके द्वारा हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

### कश्मीर से पंजाब तक,अमेरिकी हथियारों से हो रहे देश में हमले

**नई दिल्ली** : यूरोप और उत्तरी अमेरिका के देशों का संगठन नाटो अपने सदस्यों को रक्षा के लिए अत्याधुनिक सैन्य उपकरण देता है। जिससे नाटो से जुड़े देश अपने देश की सुरक्षा को मजबूत करते हैं, लेकिन अब नाटो के ये हथियार आतंकियों के पास पहुंच रहे हैं। पंजाब पुलिस ने हाल ही में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पिछले महीने 29 अगस्त को पंजाब पुलिस की टीम ने एक नाके पर मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को संदिग्ध हालत में देखा। जब पुलिस ने कार को रोकने का इशारा किया तो कार सवार भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस बैरिकेड्स से टकराकर रुक गए। कार की तलाशी लेने पर पुलिस को चार ग्लॉक 19 पिस्तौल मिले, जिनमें से एक पर मेड फॉर नेटो आर्मी लिखा हुआ था।

### शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर संत मरियम की जमीं पर उतर आया चांद-सितारा

# सदैव वंदनीय हैं गुरु : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर संत मरियम विद्यालय के प्रांगण में गौरवशाली सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आगत अतिथियों द्वारा डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन व मां सरस्वती के तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि गुरु ही हमारे शुभचिंतक, सही मार्गदर्शक और हमारे समूचे व्यक्तित्व का निर्माण करके हमारे भविष्य निर्माण में सहयोग करते हैं। गुरु सदैव वंदनीय हैं और श्रेष्ठ है जिनकी तुलना भगवान से की जाती है। गुरु ही शिष्य को वह दिव्य दृष्टि प्रदान करता है, जिसके प्रकाश में वह खुद को पहचान पता है कि मैं कौन हूं, मेरी प्रतिभा क्या है, मेरा मंजिल कहां है।

उन्होंने कहा कि मैं हृदय से ऋणी हूं उन समस्त अध्यापकों का जिन्होंने अपने स्नेह, समर्पण, संयम, धैर्य व संवेदनाओं के साथ पलामू के शिक्षा को एक नई ऊंचाई दे रहे है। हालांकि बदलते वक्त के अनुसार एडवांस टेक्नोलॉजी के माध्यम से निश्चित रूप से हम बच्चों को बेहतर शिक्षा तो दे पा रहे हैं, लेकिन संत मरियम का प्रयास है कि यह विद्यालय शिक्षा का एक माध्यम नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास का साधन बने। ताकि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संपूर्ण व संतुलित व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। क्योंकि गणित, विज्ञान या अन्य विषयों को बेहतर रूप से पढ़ा देना ही एक सभ्य शिक्षक की परिभाषा नहीं है। बल्कि विषयों के ज्ञान देने से पूर्व अपने विद्यार्थियों में संस्कारों का बीजारोपण, राष्ट्रभक्ति की भावना अथवा सामाजिक मूल्यों का परिचय कराने के पश्चात ही विषयों के ज्ञान से अपने विद्यार्थी का भविष्य उज्ज्वल करे, वही श्रेष्ठ शिक्षक की पहचान है।



### समस्त सम्मानित शिक्षकों को दिया गया उपहार

विद्यालय प्रबंधन के द्वारा समस्त सम्मानित शिक्षकों को आदर, सत्कार के साथ उपहार प्रदान किया गया। विद्यालय के निदेशक अविनाश देव ने सभी शिक्षकों को अपने हाथों सम्मानित किया। निदेशक अविनाश देव के साथ प्राचार्य, कुमार आदर्श, उप प्राचार्य एसबी साहा सहित कई जानी-मानी हस्तियां इस कार्य में सहयोग किया।

### गजल ने मोहा सबका मन

देवघर से चलकर आए गजल गायक अमरेश राज सिंह व कोलकाता से आयी गायिका अखी दास के सुरीली आवाज गुरुओं का भजन, गजल अथवा वाद्य यंत्र पर संगत कर रहे चिंटू मिश्रा, कमल शर्मा, रत्नेश मिश्रा, गोल्डी दा व किशोर दा के मधुर धुन ने सभा को सुरमई कर दिया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, उप प्राचार्य एस वी शाहा, रानी मैम, पूजा देव, देवम इंस्टिट्यूट का विभागाध्यक्ष आरएन सिंह , शैक्षणिक प्रमुख यूएस चौबे, प्रवीण दुबे, संजय सिंन्हा विद्यालय समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला कुमारी, रिजवाना प्रवीण, रोशन राज, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारीगुप्त, राजेश राय, जितेंद्र जी श्याम सर, राज गुप्ता के साथ-साथ समस्त शिक्षक कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भारत में रेप के 10 केस में से 7 में किसी को नहीं होती जेल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप के बाद हत्या मामले को लेकर पूरा देश गुस्से हैं। हर कोई आरोपियों के लिए सख्त से सख्त सजा की मांग कर रहा है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि रेप के मामले में आरोपियों को सजा मिलते-मिलते काफी लंबा अरसा बीत जाता है। जांच में देरी के चलते सालों तक मुकदमा चलता है। लंबी कानूनी प्रक्रिया का फायदा आरोपियों को मिलता है। कई बार देखा गया है कि मुकदमा पूरा होने के बावजूद आरोपियों को सजा नहीं मिलती और वह आसानी से बरी हो जाते हैं।

**जांच में ही फंसे रहते हैं रेप केसः** भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच और मुकदमा चलाने में बड़ी चुनौतियां हैं। 2022 में लगभग 45,000 रेप के मामलों की जांच पुलिस को सौंपी गई थी, लेकिन केवल 26,000 मामलों में ही चार्जशीट दायर की गई। यह संख्या 2022 में दर्ज घटनाओं की संख्या से भी कम थी। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में रेप के लगभग 32,000 मामले पुलिस में दर्ज किए गए थे। हालांकि, पिछले वर्षों से लंबित 13,000 से अधिक मामले पहले से ही विचाराधीन थे, जिससे पुलिस पर लगभग 45,000 मामलों की जांच का बोझ था। लेकिन दोषियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के मामले में, 2022 में केवल लगभग 26,000 मामलों में ही चार्जशीट दायर की गई। यह उन मामलों का 60त्न से भी कम था जिनकी उन्हें जांच करनी थी और 2022 में दर्ज घटनाओं की संख्या से भी कम थी।

## सांसद वीडी पहुंचे मृतक दीपक कुमार पासवान के घर

*** उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ के क्रम मे हुई थी वृद्धखैरा ग्राम निवासी दीपक पासवान की मौत**

*** भाजपा ने पीड़ित परिवार के परिजनों को दिया एक लाख का आर्थिक सहयोग**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गुरुवार :** उत्पाद सिपाही बहाली दौड़ में भर्ती के दौरान जिले के पांडू प्रखंड के वृद्धखैरा गांव के स्व. राजेश पासवान के 25 वर्षीय पुत्र दीपक पासवान की दर्दनाक मौत पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के साथ-साथ भाजपा के अनेकों वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मृतक दीपक पासवान के घर पहुँच कर शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया.उक्त क्रम मे सांसद श्री राम ने कहा कि भाजपा परिवार पीड़ित परिजनों के साथ है. पार्टी द्वारा परिजनों को एक लाख का आर्थिक सहायता भी प्रदान किया गया.सांसद श्री राम ने पीड़ित परिवार को आवास दिलाने हेतु आश्वसत किया. सांसद श्री राम को बताया कि झारखण्ड सरकार मौके यदि उचित स्वास्थ्य व्यवस्था मुहैया करवाती तो आज उनका दीपक उनके साथ होता और उनके घर का दीपक यूँ न बुझता.उन्होंने बताया कि अभ्यार्थियों का दौड़ वाले स्थल पर भेड़ -बकरी से भी बदत्तर स्थिति थी.अभ्यर्थी जिये या मरे कोई सुध लेने वाला नहीं था.बताते चले कि पूर्व मे भी उत्पाद सिपाही भर्ती में छतरपुर के कउवल निवासी अरुण कुमार का मौत हो गया था जिसकी खबर सुनकर सांसद श्री राम पीड़ित परिवार से मिले थे और मौके पर संगठन द्वारा एक लाख की मदद राशि प्रदान की गई थी.इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता विभाकर नारायण पांडेय, मंडल अध्यक्ष मनोरंजन गुप्ता, प्रेम सागर सिंह, कृष्ण विजय सिंह, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।



# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया स्टेडियम का शिलान्यास



### गढ़वा की जनता चाहती है विकास : मंत्री

गढ़वा : गढ़वा प्रखंड अंतर्गत करुआ कला पंचायत के बीडीसी सहित 100 से अधिक लोग विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए हैं। गुरुवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला, संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों ने आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ऐतिहासिक जीत दिलाने एवं राज्य में महागठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से करुआ कला पंचायत के बीडीसी रानिका देवी, बीडीसी प्रतिनिधि अभय कुमार,सचिन कुमार, राजकुमार राम, परीखा राम, वीरेंद्र कुमार, अशोक चंद्रवंशी, लखु राम, अर्जुन राम, जितेंद्र राम, बिगनी देवी सहित सौ से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले के मेराल प्रखंड के अटौला ग्राम में चार करोड़ नौ लाख रुपए की लागत से सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं दीप जलाकर इसका शिलान्यास किया।

इससे पूर्व शहीद जवान की तस्वीर पर मंत्री ने माल्यार्पण किया। साथ ही स्थानीय गणमान्य लोगों को मंत्री ने शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीण व कार्यकर्ताओं ने मंत्री को बड़ा माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी गढ़वा अव्वल होगा।

अब गढ़वा के खिलाड़ी भी इंटरनेशनल स्तर पर परचम लहराएंगे। खिलाड़ियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। व्यवस्था के अभाव में खिलाड़ियों की प्रतिभा को कुंठित नहीं होने दिया जाएगा।मंत्री ने कहा कि यह स्टेडियम अत्याधुनिक सर्व सुविधा संपन्न बनेगा। इसमें बाउंड्री के साथ ही इसमें सिलेक्शन-1 घास लगाया जाएगा। एक पवेलियन बिल्डिंग होगा। जिसमें दोनों टीम के खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम अटैच्ड टॉयलेट के साथ होंगे। साथ ही इसमें 100 लोगों के बैठने की कवर्ड रूफ व्यवस्था भी होगी। तीन-तीन सौ क्षमता की दो गैलरी होगी। जिसके नीचे सात-सात कमरे बाथरूम सहित होंगे। ताकि टीमों को यहां ठहराया भी जा सके। इसके अलावा बोर वेल एवं अन्य सुविधाएं भी होंगी। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

# बैठकों के द्वारा ऊर्जा का संचार करेंगे : अविनाश वर्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गुरुवार को लातेहार विधानसभा के अंतर्गत बरियातू एवं हेरहंज मंडल के कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित लातेहार विधानसभा के प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। बरियातू मंडल की बैठक की अध्यक्षता लव कुमार सिंह ने किया और संचालन महामंत्री सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। जबकि हेरहंज मंडल के बैठक की अध्यक्षता कन्हाई साव ने किया एवं संचालन महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी ने किया। दोनों बैठकों में मुख्य रूप से आगामी विधानसभा चुनाव के निमित्त विधानसभा के सभी मंडलों में बैठक करते हुए मंडलों के सभी शक्ति केंद्रों पर बैठक करते हुए शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बुथो पर बैठक संपन्न करने के साथ पार्टी के द्वारा दिए गए विभिन्न कार्यो का निष्पादन सुनिश्चित करना है।



दोनों मंडलों की बैठक में विधानसभा प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने प्रदेश द्वारा दिए गए कार्यो एवं संगठन की बारिकियों से अवगत कराते हुए प्रत्याशियों की घोषणा होने तक चुनाव चिन्ह कमल फूल को प्रत्याशी मानते हुए ईमानदारी पूर्वक कार्य करने का सुझाव दिया। बरियातू मंडल की बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य रमेश राम, एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमार गौरव रजक, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बृजमोहन राम, पवन प्रसाद किशोरी लाल सोनू प्रजापति समेत मंडल के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। जबकि हेरहंज मंडल की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक एवं पूर्व सांसद बृजमोहन राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

# महिलाओं को पेंशन नहीं, नौकरी व रोजगार दे सरकार : अरुणा शंकर





### बहेरा खुर्द गांव में चौधरी समाज ने बिटिया की तरह दिया प्यार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर का चौधरी समाज की सम्मानित माताएं, बहने, बुजुर्गों एवं युवा भाइयों ने पथरा मंडल, खुर्रा पंचायत के बहेरा खुर्द गांव में जनसंपर्क अभियान के दौरान भव्य स्वागत किया। गत 15 दिनों से ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर निकली प्रथम महापौर अरुणा शंकर से जहां ग्रामीण क्षेत्र के पुरुष मिलकर अपनी बातों को रख रहे हैं वही महिलाओं में भी प्रथम महापौर का आकर्षण ज्यादा देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रथम महापौर अरूणा शंकर का स्वागत करते हुए कहा कि जैसे आपने अपने शहर मेदिनीनगर को चंद समय में चमकाया, वैसे ही काश ! हमारा गांव भी चमकता। जबकि हमारे गांव में मूलभूत सुविधा भी नहीं है। हम भी इंसान हैं। हमारे बच्चों एवं परिवार को भी न्यूनतम बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा चाहिए। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि चुनाव नजदीक आ गया है।

झारखंड सरकार अपनी ओर आकर्षित करने के लिए पढ़ी-लिखी बहनों को एक एक हजार रुपया युवा पेंशन देकर अपना पाप छुपाना चाहती हैं। लेकिन पढ़ी-लिखी बहनों को सरकार युवा पेंशन नहींजेड नौकरी दे। जब तक नौकरी नहीं दे पाती है शिक्षा के अनुसार न्यूनतम पांच पांच हजार बेरोजगारी भत्ता दे। श्रीमती शंकर ने कहा कि हमारी शिक्षित बहनों को नौकरी और ग्रामीण बहनों को रोजगार की आवश्यकता है। इस अवसर पर जवाहर चौधरी, राजीव रंजन चौधरी, शिवकुमार चौधरी, संजय चौधरी, सुधीर चौधरी, वीरेंद्र चौधरी, पुनीत बैठा, अजीत कुमार बैठा, डॉक्टर कमलेश कुमार, डॉ विनोद जी, नंदू चौधरी ,सतनारायण चौधरी, प्रमोद चौधरी, डॉ वीरेंद्र चौधरी, राजमणि देवी, करिश्मा कुमारी, रीमा देवी, पार्वती देवी, एवं काफी संख्या में लोग चौपाल में मौजूद थे।

# महिला क्रिकेट टी 20 का हुआ आगाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए स्टेडियम में 6 सितंबर से 12 सितंबर तक महिला क्रिकेट टी 20 टूर्नामेंट मैच खेला जायेगा। इस झारखंड घरेलू महिला टी 20 लीग के तीसरे संस्करण का 5 सितंबर को मुख्य अतिथि गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने ट्रॉफी का अनावरण कर इसकी विधिवत शुरुआत की । कल्पना सोरेन का स्वागत बूके देकर और शॉल ओढ़ाकर किया गया। इसके बाद कल्पना सोरेन ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । पत्रकारों से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश की आधी आबादी के नाम से महिलाओं को जाना जाता है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। झारखंड की भी हमारी बेटियां किसी से काम नहीं है। जहां तक झारखंड में हॉकी और फुटबॉल के लिए जाना जाता है, लेकिन क्रिकेट में भी बेटियां अपनी प्रतिभा को उच्च स्तर पर निखार रही है। उम्मीद करते हैं कि इनका भविष्य उज्जवल हो और झारखंड ही नहीं बल्कि देश दुनिया में भी अपना और झारखंड का पहचान बना सके। क्योंकि झारखंड की जमीन के अंदर खनिज संपदा है, तो जमीन के ऊपर भी यहां पर कला और खिलाड़ियों की भी कमी नहीं है।



**जमशेदपुर टाइटंस और रांची रॉयल्स :** पहला मैच 6 सितंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से जमशेदपुर टाइटंस और रांची रॉयल्स के बीच खेला जायेगा। मौके पर जेएससीए के अध्यक्ष संजय सहाय, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती पिंटू, संयुक्त सचिव पीएन सिंह , जय कुमार सदस्य जेएससीए, मंच संचालन प्रिया ओझा ने की । मौके पर डब्लूसीए के प्रतिनिधि,सब्बीर हुसैन सहित कई खिलाड़ी,कोच मौजूद थे ।

**किसने क्या कहाः** उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने बताया कि महिला खिलाडियों को भी प्रोत्साहित करना है। इसी सोच के साथ झारखंड की पांच टीमें हिस्सा लिया है। यह मुकाबला डब्लूसीए के साथ मिलकर बीसीसीआई की गाइडलाइन के मुताबिक ही खेला जायेगा। महिला खिलाड़ियों को कैश अवार्ड और गिफ़्ट भी दिये जायेंगे। संयुक्त सचिव पीएन सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता में पांच टीमों को शामिल किया गया है। मुख्यरुप से रांची रॉयल्स, धनबाद ड्रैगन्स, जमशेदपुर टाइटंस,दुमका डायनामोज,बोकारो वारियर्स शामिल है। पांच टीमों में 16 खिलाड़ी शामिल हैं। सभी टीमें सीनियर, अंडर 23 और अंडर 19 के खिलाड़ियों को मिलाकर बनायी गयी हैं। इस दौरान कुल 13 मैच खेले जायेंगे। सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि पहला मैच सुबह साढ़े नौ बजे से खेला जायेगा। वहीं खेल प्रेमियों के लिए नि शुल्क प्रवेश रहेगी। जेएससीए टूर्नामेंट का उद्देश्य झारखंड में महिला क्रिकेटरों को बढ़ावा देना है।

**ये होंगी कप्तान :** झारखंड महिला क्रिकेट से कप्तान की सूची में शामिल रश्मि गुड़िया,दुर्गा कुमारी मुर्मू, दिव्यानी प्रसाद, मोनिका मुर्मू, खुशबू कुमारी शामिल हैं।